


वर्ष : 27 | अंक : 34 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# राम मंदिर और डॉ. अंबेडकर का सपा ने किया अपमान : मुख्यमंत्री

## अयोध्या के मिल्कीपुर में गरजे सीएम योगी

**अयोध्या ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुकी अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के उम्मीदवार चंद्रभान पासवान के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला।



मिल्कीपुर के हैरिंग्टन ब्लॉक के पलिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर हमला बोला। सीएम योगी ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को भी याद किया, संविधान की बात भी की और परिवारवाद की पिच पर सपा को जमकर घेरा। सीएम योगी ने सपा पर डॉक्टर आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री योगी ने परिवारवाद को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ये लोग माफियाओं का समर्थन करते हैं। सपा प्रयागराज में महाकुंभ का विरोध करती है। सपा अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करती है। सीएम योगी ने कहा कि जब वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर बनता है, संत रविदास की जन्मस्थली का सुंदरीकरण होता है तो सपा उसका भी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि सपा डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करती है, सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम हमने डॉ. आंबेडकर के नाम पर किया। उन्होंने हैरिंग्टनगंज के नाम का जिक्र करते हुए कहा कि ये गुलामी की मानसिकता क्यों। इसका नाम भी तो कोई स्वामी वामदेव के नाम पर हो सकता है। किसी विश्वनगरी के नाम पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन्होंने पूरी ताकत लगाई थी कि गुलामी के ढांचे को कोई टस से मस नहीं कर सके लेकिन हमने कहा कि कुछ भी हो, गुलामी का ढांचा तो हटेगा। उन्होंने सपा पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और सपा सरकार के समय की कानून-व्यवस्था का जिक्र कर भी विपक्षी दल को घेरा। सीएम योगी ने सपा सरकार के समय दलितों की जमीन पर कब्जा करने के कथित मामले का जिक्र करते हुए कहा कि खाली प्लॉट पर झंडा लगा देते थे और फिर कब्जा कर लेते थे। उन्होंने कहा कि हमने अपराधियों पर नकेल कसी और हमने कहा कि गरीबों की जमीन पर कब्जे का ये खेल हमारी सरकार के समय नहीं चलेगा।

सीएम योगी ने कटेहरी से मझवां तक, उपचुनाव में जीत का जिक्र करते हुए इनका रिकॉर्ड तोड़ने की अपील करते हुए सपा को अयोध्या, मिल्कीपुर का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद और माफियाओं को प्रश्रय देने वाली समाजवादी पार्टी को सिरे से खारिज कर दिए जाने की जरूरत है।

## छठी मंजिल से कूद कर महिला ने की आत्महत्या



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना-113 क्षेत्र में स्थित सेक्टर-73 में (32 वर्षीय) महिला ने बिल्डिंग की छठी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नोएडा में सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सर्फाबाद इलाके में शुक्रवार सुबह एक महिला ने बिल्डिंग की छठी मंजिल से कूद कर अपनी जान दे दी। आसपास के लोगों ने महिला को दीवार पर बैठा देखा तो उसे पीछे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। हादसों के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम नवादा में रहने वाले बिहार निवासी अजीत कुमार ने थाना बीटा दो में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसका बहनोई दिलीप 22 जनवरी को घर से अपनी ड्यूटी जाने के लिए निकला था। वह नवादा गोल चक्कर के पास पहुंचा तो एक सफेद रंग की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दिलीप को उपचार के लिए काशीराम अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अजीत कुमार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



थाना जारचा क्षेत्र के एनटीपीसी रोड पटाडी गेट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई ग्राम बिसाहडा निवासी प्रभात कुमार ने बताया कि 22 जनवरी की शाम को उसके पिता राजेश अपनी एक रिश्तेदारी से होकर घर वापस आ रहे थे। एनटीपीसी रोड पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर स्थिति में उन्हें उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश कर रही है।

## भाजपा अध्यक्षों की घोषणा 26 जनवरी के बाद!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर तथा जनपद गौतमबुद्धनगर में जिलाध्यक्ष पद की घोषणा 26 जनवरी के बाद होगी।

पार्टी के सांगठनिक मामलों पर पैनी नजर रखने वाले शीर्ष पदाधिकारियों की माने तों 27 या 28 जनवरी तक घोषणा कर दी जाएगी। प्रदेश हाईकमान ने सूची तकरीबन तैयार कर ली है। केन्द्रीय नेतृत्व की हरी झंडी मिलने के बाद सूची घोषित कर दी जाएगी।

बता दें कि नोएडा में करीब 25 दावेदारों ने तथा ग्रेटर नोएडा में 31 दावेदारों ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किए थे। नोएडा में जहां मनोज गुप्ता के अलावा संजय बाली, महेश चौहान, मनीष शर्मा व गणेश जाटव की प्रबल दावेदारी बताई जा रही है। वह ग्रेटर नोएडा गजेन्द्र मावी, अभिषेक शर्मा, सुभाष भाटी तथा सर्वानंद के नामों की चर्चा है। इनमें से किसके सिर अध्यक्ष पद का सेहरा बंधेगा। इसका पता 26 जनवरी के बाद ही चलेगा। तब तक कयासों का बाजार गर्म है।

## FIITJEE के गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ में सेंटर बंद, अभिभावकों ने फीस मांगी वापस

### गाजियाबाद में सेंटर का रजिस्ट्रेशन नहीं, स्टाफ को नहीं मिला है वेतन




**नोएडा/गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई जगहों पर कोचिंग सेंटर FIITJEE की कई ब्रांच बंद हो गई हैं। ब्रांच के अचानक बंद होने से सैकड़ों अभिभावकों में गुस्सा है, जिन्होंने फीस वापसी की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। गाजियाबाद में कोचिंग सेंटर के मालिकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है। गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-62 में स्थित कोचिंग सेंटर की शाखा बंद हो गई हैं। इसके पीछे का कारण ये है कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पूर्व प्रधान की दबंगई, दलित का मकान गिराया


**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा में खंडेरा गांव के पूर्व प्रधान व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित दलित का आरोप है कि पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके मकानों को ध्वस्त करा दिया।



खंडेरा गांव निवासी नेपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव में हरिजन सरकारी जमीन आबादी के लिए रिजर्व है। इस भूमि पर वह लोग करीब 45 साल से अपना मकान बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। बीते दिनों पूर्व प्रधान वीरेंद्र व उसके पुत्र नितेंद्र, पोते निक्की, राकेश तथा रमेश सुनील, कूड़े व करीब 20, 25 अज्ञात लोगों ने उनके मकानों को बिना किसी सरकारी आदेश के ध्वस्त कर दिया। इस दौरान महिलाओं व बच्चों ने इन लोगों को रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहे। मामले की जानकारी मिलने पर वर्तमान प्रधान मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी बदतमीजी की गई। पीड़ित की शिकायत पर थाना जारचा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

## मर्सिडीज़ के चारों टायर खोले

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के बैक टू नेचर फार्म हाउस की पार्किंग में खड़ी मर्सिडीज़ कार के चारों पहियों को चोर खोल कर ले गए। इस दौरान चोरों ने कार के राइट साइड मिरर को भी तोड़ दिया। ग्राम असगरपुर निवासी मिथुन कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी मर्सिडीज़ कार बैक टू नेचर फार्म हाउस की पार्किंग में खड़ी की थी। 13 जनवरी की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उसकी कार के चारों पहिया खोल कर चोरी कर लिए। इस दौरान चोरों ने उसकी कार के राइट साइड मिरर की भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।



## नेपाल व उत्तराखंड से चरस लाकर एनसीआर में करते थे सप्लाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नेपाल व उत्तराखंड से चरस लाकर एनसीआर में सप्लाई करने वाले गिरोह की महिला सदस्य सहित तीन तस्करों को थाना बीटा-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों रुपए मूल्य की साढ़े पांच किलो चरस, तीन मोबाइल फोन, आधार कार्ड, नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र व नगदी बरामद हुई है। पकड़ी गई महिला जनपद मुजफ्फरनगर से भी एनडीपीएस के मामले में वांछित चल रही थी। थाना पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना छपार से वांछित चल रही तुलसी देवी उर्फ मोटी अपने साथियों के साथ मादक पदार्थों की सप्लाई करने के लिए ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर आने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम परी चौक पहुंच गई। मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दुकान से मोबाइल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी गांव में अज्ञात चोर एक दुकान से मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। दुकानदार केवल कुछ मिनट के लिए दुकान को खाली छोड़कर पड़ोस में लघु शंका करने के लिए गया था। सरवन दास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह छीजारसी गांव में दुकान चलाता है। 21 जनवरी को सुबह के करीब 11 बजे वह लघु शंका करने के लिए गया था। इस दौरान वह अपना मोबाइल फोन (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रेस्टोरेंट व ऑफिस के बाहर से बाइक चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग स्थानों से वाहन चोर दो वाहनों को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कमलानगर सब्जी मंडी दिल्ली निवासी भव्य ग्रोवर ने थाना बादलपुर में अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि वह अपनी बाइक से 14 दिसंबर की शाम को अलीगढ़ से दिल्ली आ रहे थे। अच्छेजा गांव की मार्केट में बने विशाल रेस्टोरेंट में वह खाना खाने और आराम करने के लिए रुके थे। खाना खाने के बाद जब वह बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डॉयल-112 पर दी। पीड़ित की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें थाने जाने की सलाह दी।

थाना सेक्टर 58 में मंडावली दिल्ली निवासी रामकुमार ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि वह सेक्टर 62 स्थित आइथम टावर में जॉब करता है। 20 जनवरी को वह अपने ऑफिस आया था और उसने बाइक ऑफिस के बाहर खड़ी कर दी थी। शाम के समय जब वह ऑफिस से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आज से दिखेगी उत्तर प्रदेश के विकास व विरासत की झलक

### तीन दिवसीय उप्र दिवस का शुभारंभ शिल्प हॉट में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में आज से सेक्टर-33ए स्थित शिल्पहॉट में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन शुरू हो रहा है। इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा जेवर में विकास के साथ उत्तर प्रदेश में विकास तथा विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

वैसे तो उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 3.00 बजे इस कार्यक्रम का ऑन लाइन उदघाटन करेंगे। लेकिन प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि उप्र दिवस का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर सांसद डा. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, नरेन्द्र भाटी आदि मौजूद रहेंगे।



जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि यह आयोजन उप्र दिवस की थीम विकास तथा विरासत पर आधारित है। यह कार्यक्रम 26 जनवरी तक चलेगा। आयोजन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा जेवर क्षेत्र में विकास के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास की यात्रा का प्रदर्शन किया जाएगा। रोजाना शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

## लुहारली टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक व्यक्ति ने लुहारली टोल प्लाजा के कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि टोल पार करते समय टोल कर्मियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और विरोध करने पर मारपीट की।

बुलंदशहर निवासी प्रदीप अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 23 जनवरी की रात्रि को अपनी कार से दिल्ली से बुलंदशहर की तरफ जा रहे थे। लुहारली टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज की। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो भूरा नाम के व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। गाड़ी में बैठे उनके बेटे आयुष एवं तुषार ने जब उन्हें बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने भूरा व टोल कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि लुहारली टोल प्लाजा पर आए दिन झगड़े व मारपीट की घटनाएं होती हैं।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस



## उत्तराखंड में यूसीसी

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, लिव इन रिलेशन आदि के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यूसीसी के कुशल क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिसके लिए नागरिकों व अधिकारियों के लिये ऑनलाइन पोर्टल तैयार किए गए हैं। यूसीसी के अंतर्गत विभिन्न पंजीकरण मसलन विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, लिव इन रिलेशन, वसीयत आदि होंगे। सरकार ने त्वरित पंजीकरण के लिये अलग शुल्क भी निर्धारित किए हैं। सरकार का दावा है कि लिव इन रिलेशन के पंजीकरण व समाप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। एक साथी की ओर से समाप्ति के आवेदन पर दूसरे की पुष्टि अनिवार्य होगी। उल्लेखनीय है कि समान नागरिक संहिता के वेबपोर्टल के उपयोग की शुरुआत फिलहाल सरकार की मॉक ड्रिल का हिस्सा होगा। निस्संदेह, देश में पहली बार समान नागरिक संहिता को लागू करना उत्तराखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जो सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों को मानकीकृत करने के लक्ष्य को निर्धारित कर राज्य में समानता और न्याय की राह में कदम बढ़ाता है। हालांकि, कानून के विशेषज्ञ कुछ खमियों की ओर भी इशारा करते हैं। फाइलों में यह कोड एक साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मसलन विवाह व लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध और बच्चों के लिये समान विरासत अधिकार देता है, चाहे उनके माता-पिता की वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। दूसरे शब्दों में स्त्री के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करके समतामूलक समाज की स्थापना का वायदा करता है। एक मायने में यह लैंगिक न्याय और प्रगतिशील सोच व आधुनिक मूल्यों का प्रतीक है। लेकिन जब हम इसके प्रावधानों का गहराई से मूल्यांकन करते हैं तो कई तरह की विसंगतियां सामने आती हैं। दरअसल, कई मुद्दों पर व्यापक विमर्श की कमी को लेकर भी सवाल उठते हैं। कुछ लोग समलैंगिक विवाहों की स्वीकार्यता के प्रश्न का जिक्र करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि यूसीसी के प्रावधानों में गोद लेने के कानूनों पर खामोशी क्यों है? सवाल यह है कि क्या ये प्रयास व्यापक सुधारों को अंजाम दे पाएंगे? या फिर ये महज पैचवर्क की कवायद मात्र है? सरकार की दलील है कि सांस्कृतिक रूप से संवेदनशीलता को ध्यान रखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसमें छूट दी गई है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि क्या इससे समान नागरिक संहिता के आदर्श लक्ष्यों की पूर्ति होती है? इसको लेकर एकरूपता के सवाल उठाते हुए कहा जा रहा है कि क्या यूसीसी का सार इसे सभी पर समान रूप से लागू करना नहीं है? आलोचकों का कहना है कि इस मुद्दे पर पर्याप्त विधायी बहस नहीं हो पायी है। यह भी कि इस गंभीर मुद्दे पर सर्वसम्माति बनाने के लिये वास्तविक प्रयास नहीं हुए। बजाय इसके इसे जल्दीबाजी में अंजाम दिया गया। विपक्षी लोगों का कहना है कि इस गंभीर मुद्दे पर लोगों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए थी और सभी लोगों की आवाजें पर्याप्त रूप से सुनी जानी चाहिए थीं। यदि ऐसा नहीं हो पाया है तो इसे हम कैसे सब लोगों का कानून कह सकते हैं? कुछ लोगों की दलील है कि कुछ प्रावधान नैतिक पुलिसिंग के करीब हैं। दंड के साथ लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण निष्पक्षता सुनिश्चित करने की तुलना में अनुरूपता को लागू करने का प्रयास अधिक लगता है। कुछ का कहना है कि इसमें उत्तराधिकार को लेकर औपनिवेशिक युगीन अपरिवर्तित कानूनों की छाया नजर आती है। तो क्या समान नागरिक संहिता एक सुधारवादी प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा पाएगा? निस्संदेह, यह पहला कदम उठाने के लिये उत्तराखंड सरकार को श्रेय दिया जा सकता है। लेकिन समान नागरिक संहिता की मुहिम की आगे की राह अधिक साहस और रचनात्मकता की मांग करती है। यदि इस पहल से राष्ट्र को प्रेरित करना है, तो इसे प्रगतिशीलता से आगे बढ़ना चाहिए। सही मायनों में इसे भारत के आधुनिक, बहुलवादी लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( पार्वतीजी ने कहा- ) हे संसार के स्वामी! हे मेरे नाथ! हे त्रिपुरासुर का वध करने वाले! आपकी महिमा तीनों लोकों में विख्यात है। चर, अचर, नाग, मनुष्य और देवता सभी आपके चरण कमलों की सेवा करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-प्रभु समरथ सर्बग्य सिव सकल कला गुन धाम।**
**जोग ग्यान बैराग्य निधि प्रनत कलपतरु नाम॥**

हे प्रभो! आप समर्थ, सर्वज्ञ और कल्याणस्वरूप हैं। सब कलाओं और गुणों के निधान हैं और योग, ज्ञान तथा वैराग्य के भंडार हैं। आपका नाम शरणागतों के लिए कल्पवृक्ष है॥

**जौं मो पर प्रसन्न सुखरासी। जानिअ सत्य मोहि निज दासी॥**
**तौ प्रभु हरहु मोर अग्याना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥**

हे सुख की राशि! यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं और सचमुच मुझे अपनी दासी (या अपनी सच्ची दासी) जानते हैं, तो हे प्रभो! आप श्री रघुनाथजी की नाना प्रकार की कथा कहकर मेरा अज्ञान दूर कीजिए॥

**जासु भवनु सुरतरु तर होई। सहि कि दरिद्र जनित दुखु सोई॥**
**ससिभूषन अस हृदयँ बिचारी। हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी॥**

जिसका घर कल्पवृक्ष के नीचे हो, वह भला दरिद्रता से उत्पन्न दुःख को क्यों सहेगा? हे शशिभूषण! हे नाथ! हृदय में ऐसा विचार कर मेरी बुद्धि के भारी भ्रम को दूर कीजिए॥

( क्रमशः... )


# नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक मुहिम के मिलने लगे हैं बेहतर नतीजे

आमतौर पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपने पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षाबलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाए हैं और एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं।

देखा जाए तो चाहे अंतर्राष्ट्रीय थल या समुद्री सीमा से सटे प्रदेश हों या हमारे आंतरिक प्रदेश, यहां पर नक्सलियों, आतंकवादियों और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की मौजूदगी और उनके मार्फ़त जब-तब होते रहने वाली हिंसात्मक घटनाएं एक ओर जहां शासन व्यवस्था और अमनपसंद लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर धनी लोगों के भयादोहन का कारण भी बनती हैं। चूंकि अवैध मानव व वस्तु तस्करी, ड्रग्स सिंडिकेट, अवैध हथियारों के कारोबार, फिरौती, विवादास्पद सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त आदि से इनके तार जुड़े होते हैं, इसलिए सफेदपोश नेताओं-समाजसेवियों-कथित अधिकारियों-उद्योगपतियों आदि के माध्यम से इनके सरगना भी परस्पर मिले हुए होते हैं।

आम धारणा रही है कि इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दलों और स्थानीय नेताओं से इनकी गुप्त सांठगांठ रहती है! और यही इनके तार कथित राष्ट्रीय नेताओं और अर्बन नक्सलियों-अपराधियों-आतंकवादियों के सिंडिकेट तक से जोड़ते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी सियासी कारणों के चलते इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर उत्तर-पूर्वी राज्यों की आतंकी घटनाएं हों, या झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार की नक्सली घटनाएं, या फिर बड़े महानगरों से लेकर जिलास्तरीय शहरों की अंडरवर्ल्ड वारदातें, इनके तार परस्पर जुड़े बताए जाते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मजबूती के पीछे भी इनकी राष्ट्रविरोधी सोच होती हैं, जिन्हें बरास्ता नेपाल, पाकिस्तान व चीन का भी संरक्षण हासिल होता है। वहीं, कांग्रेस समेत कई बड़े क्षेत्रीय दल भी इनके नेक्सस के समक्ष घुटने टेक चुके हैं। जबकि इन सभी बातों से उलट केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी भाजपा नीत एनडीए की सरकार और उड़ीसा-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की भाजपा प्रदेश सरकारों की संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से प्रोत्साहित होकर सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलियों-दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का जो बीड़ा उठाया है, उसकी एक झलक ताजा कार्रवाई से मिलती है।




गौरतलब है कि भारत में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता तब मिली, जब गत दिनों ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ के एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और ओडिशा पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान 14 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस कार्रवाई में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से की गई त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई को एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार और बाकी सामग्री भी बरामद की गई जो नक्सली गतिविधियों को और बढ़ावा दे रही थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों के इस संयुक्त ऑपरेशन में नक्सल आंदोलन का एक प्रमुख सरगना, जयराम चलपती को ढेर किया गया। क्योंकि जयराम को नक्सली हिडमा का गुरु माना जाता था और नक्सली गतिविधियों में उसकी अहम भूमिका थी। जयराम पर 1 करोड़ रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों के लिए जयराम की तलाश एक बड़ी चुनौती थी। ऐसा इसलिए कि वह नक्सलवादी समूहों के लिए एक अहम रणनीतिक सोच के रूप में काम करता था। उसकी मृत्यु से न केवल छत्तीसगढ़ और ओडिशा बल्कि पूरे देश में नक्सलवादी आंदोलन को एक बड़ा झटका लगा है।

बताया जाता है कि इस ऑपरेशन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना की राज्य सरकारों ने अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर जयराम और उसके साथी नक्सलियों के खिलाफ लंबे समय से सख्त अभियान चलाया था। यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर इस सफलता पर बधाई दी और सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये नक्सल मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक और अहम कदम है।

बता दें कि भारत सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त किया जाए। ये ऑपरेशन उस दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है जो सुरक्षा बलों और सरकार के प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। समझा जा रहा है कि जयराम की मौत के बाद अब नक्सलियों के मनोबल को भारी झटका लगेगा और उन्हें पुनः अपनी ताकत को संगठित करना मुश्किल होगा। सुरक्षा बलों की ये सफलता न केवल एक बड़ी सैन्य जीत है बल्कि ये देश के नागरिकों के लिए एक संदेश भी है कि नक्सलवाद का खात्मा अब बिल्कुल नजदीक है।

बता दें कि एक साल पहले गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को जो हरी झंडी दी थी, उसके तहत एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है। उनकी राजनीतिक इच्छा शक्ति और सटीक रणनीति का ही यह तकाजा है कि हाल ही में 14 नक्सली एक मुठभेड़ में मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक साल पहले 21 जनवरी 2024 को गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेतृत्व एवं सुरक्षा बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की थी, जिसमें नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को हरी झंडी दी थी। वहीं, छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के विपरीत नवनियुक्त विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस रोडमैप को अमली जामा पहनाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित की, जिसका बेहतर नतीजा सबके सामने है।

गौरतलब है कि नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए बनाए गए अमित शाह के रोडमैप में तीन अहम बिंदू हैं। पहला, नक्सलियों के कोर इलाके में सुरक्षा बलों की अग्रिम चौकियां स्थापित कर सुरक्षा गैप को भरना, दूसरा, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून का इस्तेमाल कर ईडी की मदद से नक्सलियों को मिलने वाली फंडिंग के स्त्रोत को पूरी तरह से बंद करना, और तीसरा गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून का इस्तेमाल पर नक्सली गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ एनआईए की जांच कराकर कड़ा सजा सुनिश्चित करना। कहना न होगा कि तीनों ही फ्रंट में राज्य प्रशासन के सहयोग से बेहतरीन काम हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 के बाद सुरक्षा बलों की 290 अग्रिम चौकियां स्थापित की गईं, जिनमें अकेले साल 2024 में 58 अग्रिम चौंकियां स्थापित करना शामिल हैं। वहीं, इस साल 2025 में सुरक्षा बलों की कुल 88 अग्रिम चौकियां स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, राज्य सरकारें, ईडी और एनआईए ने नक्सल फंडिंग से जुड़ी 72 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की है। वहीं, एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है, जिनमें 56 मामले पिछले तीन साल में दर्ज किये गए। इनमें से 77 मामलों में चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

एक्सपर्ट बताते हैं कि कहने को अग्रिम सुरक्षा चौकियों का गठन छोटी बात लग सकती है, लेकिन नक्सलियों के खिलाफ अभियान में यह कारगर रणनीति साबित हो रही है। क्योंकि अग्रिम सुरक्षा चौकियां बनने से उसके तीन-चार किलोमीटर के दायरे में नक्सलियों के लिए अपनी गतिविधि चलाना संभव नहीं रहता है। वहीं, दूसरी बात यह है कि इन चौकियों के सहारे सरकारी तंत्र और लोक कल्याणकारी व विकास योजनाएं भी ग्रामीणों तक पहुंच रही है। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक अबूझमाड़ से लेकर दंडकारण्य और उससे आगे तक फैले नक्सल प्रभाव वाले पूरे इलाके में हर तीन-चार किलोमीटर पर एक सुरक्षा अग्रिम चौकी स्थापित कर करने का लक्ष्य रखा है। क्योंकि इन अग्रिम चौकियों का ही कमाल है कि वर्ष 2023 में जहां मात्र 50 नक्सलियों को मार गिराया गया था, वहीं उसकी तुलना में साल 2024 में 290 नक्सली मारे गए हैं। यही नहीं, इस साल 2025 में 21 जनवरी तक 48 नक्सली मारे जा चुके हैं।

इससे स्पष्ट है कि वर्ष 2025 में स्थापित होने वाले नए 88 अग्रिम सुरक्षा चौकियों की स्थापना से सुरक्षा बलों के आपरेशन की ताकत में और इजाफा होगा। वहीं, अगले साल 2026 में प्रस्तावित सभी सुरक्षा चौकियों के बनने के बाद नक्सलियों के पास अपनी गतिविधि चलाने को कोई भी सुरक्षित क्षेत्र ही नहीं बचेगा। यही वजह है कि उसके बाद ही नक्सलवाद के खात्मे का एलान किया जाएगा। इससे साफ है कि अमित शाह की सटीक रणनीति ने बाजी उनके पक्ष में पलटती जा रही है, जिससे एक सफल गृहमंत्री के रूप में उनके नाम का शुमार किया जाने लगा है।

बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बल के जवानों ने जो अभियान छेड़ रखा है, उसकी अनवरत कार्रवाइयों और सटीक रणनीति के कारण एक साल भीतर ही नक्सलियों के हौसले पस्त होते नजर आ रहे हैं।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## पौधा लगाना आसान कहां (व्यंग्य)

हर पौधे को बाज़ार की नज़र से देखना है क्यूंकि वह बिकने के लिए उगा है। घर की बची खुची हरियाली में खाली पड़े गमले में नया पौधा खुद लगा सकते हैं तो जरुर लगाएं। समय न रहते किसी अनुभवी पौधे लगाने वाले की सेवाएं लेंगे तो वह अपने तरीके से काम करेगा क्यूंकि उसका मूल कर्तव्य घर में उदास पड़े गमले में पौधा रोपना नहीं, पौधा रोपकर एक नया ग्राहक बनाना है जो भविष्य में भी उसे और अवसर दे सकता है।

दूसरे गमले के पास बैठी मां चुपचाप देख रही है। पौधा लगाते हुए वह बिना पूछे समझाते हैं, सबसे पहले प्लास्टिक पॉट या पाली ग्रो बैग को हल्के हाथों से हिलाते हुए पौधे को बाहर निकालें। ध्यान रखें, उसकी जड़ें न टूटें। जड़ों में से कोकोपीट को निकाल दें। नए गमले में लगाते समय पौधे के चारों तरफ पोषक तत्वों से भरपूर मिटटी को अच्छी तरह ऐसे दबाएं। मां गौर से देख रही है। पौधा लगाने वाले ने मिटटी दबाई, फिर कहा अब इसकी हल्की सिंचाई कर देते हैं। कहने लगे इस पौधे में नियमित अंतराल पर पोषक तत्वों से भरपूर खाद ज़रूर डालें। दो मुट्ठी गोबर खाद, एक मुट्ठी केंचुआ खाद, एक मुट्ठी नीम की खली तथा एक मुट्ठी सरसों की खली मिलाकर, उचित मात्रा में खाद डालेंगे तो पौधा तंदरुस्त रहेगा। मां के चेहरे पर व्यंग्यात्मक मुस्कराहट उगने लगी है। पौधा लगाना और बड़ा करना कितना मुश्किल काम हो गया है। वह बोले घबराइए नहीं, यह सब अब ऑनलाइन मिल जाता है।

पौधा लगाकर, अनुभवी हाथ धोते हुए बताने लगे, पौधों के बेहतर विकास के लिए घुलनशील उर्वरकों में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश दो ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर महीने में दो बार छिडकाव करना चाहिए। यह तो मानवीय शरीर को चुस्त दरुस्त रखने जैसा ही हुआ, जिसका ख्याल हम अपने अस्त व्यस्त जीवन में मुश्किल से रख पाते हैं। कहने लगे खाद डालने के एकदम बाद पानी नहीं डालना चाहिए। मां को पुरानी रसोई के साथ बना किचन गार्डन याद आने लगा।

सबसे दिलचस्प उनका यह बताना रहा कि कैक्टस, सक्युलेंट और आर्किड्स जैसे कई पौधों को अगर पानी में मिनरल वाटर मिलाकर पिलाएंगे तो उनकी जड़ें मज़बूत होंगी, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। वक़्त सचमुच बदल गया है अब पौधों को भी मिनरल वाटर पिलाना होगा। फिर कहने लगे कुछ पौधों को भूलकर भी मिनरल वाटर न दें, इससे उनकी जड़ों का विकास रुक जाता है, फूल और फल भी कम लगते हैं।

मां सोच रही है , मिटटी की मिटटी खराब कर दी, अनगिनत रसायन उसमें मिला दिए, ज्यादा उत्पादन के लिए, तकनीक की बढ़ती पैदावार ने, फूल पौधों को भी नहीं बख्शा। पहले कुदरत खुद देखभाल करती थी, अब इतना कुछ करना पड़ता है फिर भी संतुष्टि नहीं। विकास कुदरत को परेशान कर रहा है।

**- संतोष उत्सुक**



## राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धनार्जन होगा। वाणी पर ध्यान रखना है और रुपए-पैसे किसी को देने पर ध्यान रखना है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
घबराहट, बैचेनी बनी रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम,प्रेम-संतान की स्थिति भी मध्यम, व्यापार ठीक है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य थोड़ा सा ध्यान देने लायक है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छे की ओर जा रही है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सितारों की तरह चमकेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहना होगी। आपका कद बढ़ेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहेगा। प्रेम में थोड़ा तू-तू,मैं-मैं का संकेत है। लेकिन कोई बड़ी बात नहीं होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
थोड़ा बचकर पार करें।कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां अभी प्रतिकूल हैं। बस एक दिन और।

# संगीत, नृत्य और संस्कृति के संगम से गंगा पंडाल में बही सांस्कृतिक बयार





**महाकुंभनगर।** महाकुंभ 2025 के गंगा पंडाल में गुरुवार को संगीत, नृत्य और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय सेना के बैंड की संगीतमयी प्रस्तुति, विक्रम घोष का फ्यूजन संगीत और तनुश्री शंकर के भावपूर्ण नृत्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नई ऊंचाइयों को छुआ।

कार्यक्रम का आरंभ भारतीय सेना के जवानों द्वारा प्रस्तुत संगीतमयी धुनों से हुआ। गेरेन्डियर रेजिमेंटल सेंट्रल बैंड, जबलपुर और आर्मी एजुकेशन कॉर्प्स, पंचमणि के जवानों ने रंग दे बसंती चोला, भारत हमको जान से प्यारा है और जहां डाल-डाल पर जैसे गीतों की धुनों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इसके पश्चात सुप्रसिद्ध तबला वादक और संगीतकार विक्रम घोष ने अपने फ्यूजन संगीत से पंडाल में समां बांध दिया। उन्होंने भगवान शिव को समर्पित संगीत से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें तबला, मृदंगम, कीबोर्ड और सितार का अनूठा संयोजन प्रस्तुत किया। विक्रम घोष ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया और भारतीय संगीत की उत्कृष्टता का परिचय दिया।

दूसरे सत्र में आंध्र प्रदेश के मल्लाड़ी ब्रदर्स, मल्लाड़ी श्रीराम प्रसाद और डॉ. मल्लाड़ी रवि कुमार ने कर्नाटक संगीत की प्रस्तुति दी। राम कृष्ण गोविंदा और तरंगे गंगे सदा शिव ब्रह्ममेंद्र जैसे भक्ति गीतों के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को आंध्र प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नृत्य निर्देशिका तनुश्री शंकर ने अपने नृत्य कौशल से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने हिमालय, सूर्योदय और भगवान शिव के भावनृत्य प्रस्तुत किए। उनके नृत्य में कथक और समकालीन नृत्य का अद्भुत संयोजन देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंत में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिषासी कमलेश कुमार पाठक ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र और महाकुंभ प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मानसी द्विवेदी ने कुशलता से किया।

# सपाइयों ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को सूरजपुर स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई और भारत की आजादी में उनकी भूमिका को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर उनके संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डालते हुए सपा नेता अनूप तिवारी ने कहा कि नेता जी भारत की स्वतंत्रता अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एक महान क्रान्तिकारी थे।

जिन्होंने भारत से अंग्रेजी साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए राष्ट्रीय सेना का निर्माण किया था, जो 'आजाद हिन्दौ?' के नाम से प्रसिद्ध थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिए गए नारे 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' ने भारतीयों के अंदर देश भक्ति को जगाने का काम किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनुस प्रधान, प्रवीण भाटी, कपिल ननका, अकबर खान, कुलदीप भाटी, इंजीनियर गजेंद्र यादव, सलमु खान, संजय खान, भुवनेश तिवारी, जावेद अंसारी, असगर सैफी फहीम खान, प्रदीप रावत आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में गंगा रक्षा संकल्प दिवस का आयोजन

प्रयागराज (महाकुंभ नगर)। में गंगा समग्र के महाकुंभ मेला शिविर में गंगा रक्षा संकल्प दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 'संकल्प' के साथ एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। माघ कृष्ण नवमी को गंगा पुत्र भीष्म पितामह की जयंती के रूप में भी मनाया गया, जिनकी प्रतिज्ञा और त्याग आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में गंगा समग्र राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने सभी को जल संरक्षण, गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए गंगा और समस्त जल तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान पंडाल में सुंदरकांड का पाठ हुआ, उसके बाद सभी ने गंगा आरती की और संकल्प लिया। संकल्प राकेश मिश्रा, प्रांत संयोजक, गंगा समग्र काशी प्रांत द्वारा दिलवाया गया।

इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री संजय, राष्ट्रीय मंत्री अवधेश, दिव्या ओझा, अजय सिंह, विजय राज, सुनीता उपाध्याय, राम शिरोमणि, प्रवीन शुक्ला, ज्ञानजी, श्री श्रीनारायण, कमल नारायण, डॉ. श्रवण मिश्रा, टी एन शुक्ला, रामबाबू तिवारी, शुभम, इंद्रमणि पांडे, अजय दिवेदी, प्रखर मिश्रा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे जल संरक्षण और गंगा की सफाई को प्राथमिकता देंगे।



# 'मिस इंडिया' की बोतल पर मांगे ज्यादा पैसे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** प्रिंट रेट से अधिक पैसे वसूलने वाले शराब ठेके के संचालकों के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान में एक और सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आबकारी विभाग की टीम ने गोपनीय तरीके से नकली ग्राहक भेज कर शराब के ठेके पर परचेज टेस्ट किया था। सर्किल-5 के आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने जैतपुर गांव स्थित देसी शराब की दुकान पर ओमप्रकाश को परचेस टेस्ट के लिए भेजा था। ओमप्रकाश ने ठेके से मिस इंडिया ब्रांड का टेट्रा पैक खरीदा था। सेल्समैन ने 70 के टेट्रा पैक पर 5 रुपए अधिक वसूले थे। इस बात की शिकायत मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने तुरंत सेल्समेन अंकित कुमार निवासी मेरठ को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बता दें कि जनपद में स्थित देसी,अंग्रेजी शराब के ठेकों पर ग्राहकों से प्रिंट रेट से अधिक पैसे वसूले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इन्हीं शिकायत के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा गोपनीय तरीके से परचेस टेस्ट कराया जा रहा है। पूर्व में कराए गए परचेज टेस्ट के दौरान कई सेल्समैन के खिलाफ प्रिंट रेट से अधिक पैसे वसूलने पर मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

# खिलाड़ियों ने किया रोमांचक आगाज

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कारागार में कल तीसरे दिन जेल प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का रोमांचक आगाज हुआ। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार व जेलर संजय कुमार शाही कारापाल, सुरजीत सिंह उपकारापाल, श्रीमती ज्ञानलता पाल उपकारापाल आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। जेल क्रिकेट प्रीमियर लीग के तीसरे दिन का आरंभ काफी उत्साह और जोश से भरा रहा। खिलाडियों ने एक बार फिर अपने शाानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तीसरे दिन के पहले मैच के मुकाबले में जेल किंग्स व जेल डेयर डेविल्स के बीच हुआ। जिसमें जेल डेयर डेविल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में 09 विकेट के नुकसान के साथ 93 रन का लक्ष्य रखा। रोहित की 21 रनों की साक्षेदारी के साथ जेल किंग्स के सामने रखा। जेल किंग्स की टीम के बॉलर ने 04 विकेट के साथ जेल डेयरडेविल्स को 08 विकेट से हराकर जीत दर्ज की।



वही दूसरा रोमांचक मुकाबला जेल नम्बरदार फाइटर्स व जेल वॉरियर (जेल वार्डर) के बीच हुआ। जिसमें जेल जेल नम्बरदार फाइटर्स ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। जेल नम्बरदार फाइटर्स के ऑफताब ने 52 व परवेश ने 48 रन बनाकर अपनी टीम को 132 रन का लक्ष्य, जेल वॉरियर के समक्ष रख कर मजबूत स्थिति में पहुँचाया। जेल वॉरियर ने लक्ष्य का पीछा करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन जेल वॉरियर के बल्लेबाज किशन की 25 रनों की साझेदारी जेल नम्बरदार फाइटर्स के खिलाडियों के सामने कोई मदद नहीं कर सके।

जेल नम्बरदार फाइटर्स के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करके अपनी टीम को जीत दिलाई और जेल वॉरियर्स को 10 ओवर में ही 49 रनों पर ऑलआउट कर दिया। तीसरे दिन के रोमांचक मुकाबलों ने इस टूर्नामेंट को और दिलचस्प बना दिया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**छठी मंजिल...**

जाने के लिए शोर मचाया लेकिन, महिला ने नीचे छलांग लगा दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पुलिस ने बताया कि 32 साल की महिला पास की सोसायटी में रहती थी। सुबह के समय महिला ने किसी बात से परेशान होकर सोसायटी की छत पर पहुंच दीवार पर चढ़ गई। पास के लोगों ने उसे दीवार पर बैठा देखा तो तुरंत शोर मचाना शुरू कर दिया।

वहीं, वायरल वीडियो में एक युवक महिला को बचाने के लिए देव नाम के युवक से बिल्डिंग में जाने के लिए चिल्लाता नजर आया। लेकिन महिला ने किसी की बात नहीं सुनी और चंद सेकंड में नीचे छलांग लगा दी।

उधर, घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 113 थाना प्रभारी का कहना है कि मृतक महिला की पहचान सर्फाबाद निवासी पूजा पत्नी सम्राट के रूप में हुई है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। परिजनों से बातचीत कर सभी तथ्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पूजा का पति इंजीनियर है और मूलरूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है।

**FIIT JEE के गाजियाबाद...**

संस्थान वित्तीय संकट और लाइसेंसिंग और अग्नि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में फंसा है। उस पर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है।

बता दें कि फिटजी के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और भोपाल जैसे शहरों में ब्रांच बंद हुए हैं, जहां के अभिभावकों ने कई पुलिस शिकायतें दर्ज कराई हैं। उन्होंने कहा कि जब सेंटर ही बंद हो गया है तो कंपनी वालों को हमारी फीस वापस करनी चाहिए। कोचिंग सेंटर ने छात्रों से 2 साल की एडवांस फीस के रूप में 5 लाख रूपये तक लिए हैं।

वहीं, आईआईटी-दिल्ली के पास कालू सराय में कोचिंग संस्थान के नामी दक्षिण दिल्ली शाखा को टीचर्स के पलायन के कारण कुछ कक्षाएं निलंबित करने पर मजबूर होना पड़ा है। इन टीचर्स को कथित तौर पर कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया था।

गाजियाबाद के आरडीसी राजनगर स्थित FIITJEE कोचिंग इंस्टिट्यूट में अचानक कई टीचर्स और प्रशासनिक स्टाफ के संस्थान छोड़ने के बाद पेरेंट्स और स्टूडेंट्स में नाराजगी का माहौल है। गाजियाबाद के इस केंद्र और नोएडा के सेक्टर-62 स्थित FIITJEE शाखा के बाहर पेरेंट्स ने प्रदर्शन भी किया है। गाजियाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक और डीएम से भी शिकायत की गई, जिसके बाद जांच में यह पाया गया कि इस FIIT JEE शाखा का गाजियाबाद में रजिस्ट्रेशन ही नहीं कराया गया था। इसके बाद गाजियाबाद के कविनगर थाने में FIITJEE के प्रबंधकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच अब पुलिस द्वारा की जा रही है। दर्ज एफआईआर में FIITJEE के प्रबंधकों- दिनेश गोयल, मनीष आनंद, राजीव बब्बर, और आशीष गुप्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 318(4) और 316(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**नेपाल व उत्तराखंड से...**

के जीरो पॉइंट पर खड़ी एक महिला व दो लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी में उनके पास से साढे 5 किलो चरस, तीन मोबाइल फोन व नगदी बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम तुलसी देवी उर्फ मोटी, भाकसु कामी उर्फ बागसुर कामी व धीरज सिंह सामंत बताया। पूछताछ में तुलसी देवी उर्फ मोती ने बताया कि वह भाकसु के द्वारा नेपाल से चरस मंगवाती है। इसके अलावा उसका भतीजा धीरज सिंह सामंत भी नेपाल व उत्तराखंड से चरस लेकर आता है। इसके बाद वह उसे दिल्ली,शामली मुजफ्फरनगर, हरियाणा, हरिद्वार, उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में लोगों को बेचकर मुनाफा कमाते हैं। पूछताछ के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि पकड़ी गई तुलसी देवी उर्फ मोती थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर से एक मुकदमे में वांछित चल रही है। पुलिस उसे पकड़ ना सके इसलिए वह अपने मोबाइल फोन को भी स्विच ऑफ रखती है। पकड़े गए भाकसु कामी ने बताया कि वह मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है और तुलसी देवी के कहने पर ही नेपाल से चरस लेकर आता है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**रेस्टोरेंट व ऑफिस ...**

उसने अपनी बाइक की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**दुकान से मोबाइल...**

दुकान पर ही छोड़ गया। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने अपने मोबाइल फोन की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू.पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com







रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण सूचना**

दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान तिलक ब्रिज से रेलगाड़ियों का आवागमन अस्थाई तौर पर स्थगित रहेगा। इस दौरान निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर रेलगाड़ियां निम्नानुसार निरस्त/परिवर्तित मार्ग से अथवा कुछ समय के लिए रोककर चलाई जाएंगी:-

| दिनांक 26.01.2025 को रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण |
|---|
| रेलगाड़ी संख्या 64430 नई दिल्ली – गाजियाबाद ईएमयू 26.01.2025 को निरस्त रहेगी। |
| रेलगाड़ी संख्या 64077 पलवल – नई दिल्ली ईएमयू 26.01.2025 को निरस्त रहेगी। |
| रेलगाड़ी संख्या 64411 साहिबाबाद – दिल्ली जं. ईएमयू 26.01.2025 को निरस्त रहेगी। |
| रेलगाड़ी संख्या 64423 गाजियाबाद – नई दिल्ली ईएमयू 26.01.2025 को निरस्त रहेगी। |

दिनांक 26.01.2025 को रेलगाड़ियाँ का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|
| 64426 नई दिल्ली–गाजियाबाद ईएमयू | नई दिल्ली–दिल्ली जं.–दिल्ली शाहदरा–साहिबाबाद के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी |
| 64012 शकूरबस्ती–पलवल ईएमयू | शकूरबस्ती–पटेल नगर–दिल्ली सफदरजंग–हज़रत निज़ामुद्दीन के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी एवं पलवल को वापिस जायेगी |
| 64434 दिल्ली जं.–गाजियाबाद ईएमयू | दिल्ली जं.–दिल्ली शाहदरा–साहिबाबाद के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी (दिल्ली जं.–नई दिल्ली के बीच निरस्त रहेगी) |
| 64055 पलवल–गाजियाबाद ईएमयू | नई दिल्ली–दिल्ली जं. से साहिबाबाद के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी |
| 12423 डिब्रुगढ़ शहर–नई दिल्ली राजधानी एक्स. | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं. से नई दिल्ली के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी |
| 12313 सियालदह–नई दिल्ली राजधानी एक्स. | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं. से नई दिल्ली के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी |
| 12056 देहरादून–नई दिल्ली जनशताब्दी एक्स. | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं. से नई दिल्ली के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी |
| 20839 राँची–नई दिल्ली राजधानी एक्स. | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं. से नई दिल्ली के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी |

दिनांक 26.01.2025 को रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ियाँ रोककर चलाई जायेगी |
|---|---|
| 14086 सिरसा – तिलक ब्रिज हरियाणा एक्सप्रेस | परेड के समाप्त होने तक यह रेलगाड़ियाँ नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित की जा सकती है। |
| 20506 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ गरीब रथ एक्सप्रेस | |
| 11078 जम्मू तवी – पूणे जं. झेलम एक्सप्रेस | |
| 15128 नई दिल्ली – वाराणसी जं. काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | |
| 02570 नई दिल्ली – दरभंगा जं. क्लोन विशेष | |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | इस रेलगाड़ी को नई दिल्ली स्टेशन पर रखरखाव कार्य के कारण अस्थाई रूप से दिल्ली जं. पर स्थानांतरित कर दिया गया है। |
| 12925 अमृतसर जं. – मुंबई सेन्ट्रल पश्चिम एक्सप्रेस | परेड के समाप्त होने तक यह रेलगाड़ियाँ हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन पर विनियमित की जा सकती है। |
| 22125 नागपुर – अमृतसर जं. वाता. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा – हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 265/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महाकुम्भ में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पावन डुबकी

## संगम स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की संख्या का बना रिकॉर्ड

**महाकुम्भ नगर।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। गुरुवार को महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने नया इतिहास बनाते हुए 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। दोपहर 12 बजे का डेटा जारी होते ही स्नानार्थियों की संख्या 10 करोड़ का फिगर पार कर गई। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। स्नान पर्व पर यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरुआत में ही 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है।

### महाकुम्भ में देखने को मिल रही विविध संस्कृतियों की झलक

प्रयागराज में श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं।





### स्नान पर्व पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.7 करोड़ से यादा लोगों ने पावन डुबकी लगाई थी। इसके अलावा प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे हैं।

### करोड़ों की भीड़ के बावजूद शहरी जीवन पर नहीं पड़ा असर

महाकुम्भ में जहां एक ओर करोड़ों लोगों की भीड़ संगम स्नान के लिए पहुंच रही है तो वहीं प्रयागराज शहर का आम जनजीवन प्रतिदिन की तरह सुचारू रूप से चल रहा है। स्नानार्थियों का किसी तरह का कोई दबाव शहरी जीवन पर नहीं पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने सिर्फ प्रमुख स्नान पर्वों के दिन कुछ बंदिशें लगाई हैं, जबकि बाकी दिन स्कूल, ऑफिस, कारोबार अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे शहरवासियों में भी खुशी की लहर है।

## यूपी के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश 'गौरव सम्मान'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रायपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश है। इस बार छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। लोकभवन सभागार में मीडिया से मुखातिब संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा।

### विरासत व विकास पर लगाई जाएगी प्रदर्शनी

विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सफल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद ले सकेंगे।

### पर्यटन दिवस पर भी होंगे विविध आयोजन

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को विभाग की तरफ से युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों द्वारा पेंटिंग, रील्स, पर्यटन प्रदर्शनी आदि लगाई जाएगी। आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्म व युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की जाएगी। 26 जनवरी को संस्कृति, कला जगत से जुड़ी हस्तियों को राजभवन में सम्मानित किया जाएगा। पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### इन छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान मिलेगा। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल (भौतिक विज्ञान, संगीतकार, कवि), वृंदावन मथुरा के (उद्यमी-पर्यावरणविद) हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा (कृषि-दलित उद्यमी), बुलंदशहर की कृष्णा यादव (महिला उद्यमी), बुलंदशहर के ही कर्नल सुभाष देशवाल (कृषि-उद्यम) व बहराइच के डॉ जय सिंह (केला उत्पादन) को मिलेगा।

## राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्रीगुरुकार्शिर्ण कुंभ मेला शिविर में संतों से की आत्मीय भेंट



**महाकुंभनगर।** महाकुंभ 2025 के अवसर पर आध्यात्मिक उन्नति और आस्था को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने महाकुंभनगर स्थित श्रीगुरुकार्शिर्ण कुंभ मेला शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परमपूज्य उदासीन आचार्य कार्शिर्ण पीठाधीश्वर श्रीशरणानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और अपनी ऊर्जा को अक्षय बनाने की प्रेरणा ली।

राज्यपाल जी के साथ इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' भी उपस्थित रहे। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने शिविर में श्रीराम मंदिर के कोषाध्यक्ष परमपूज्य गोविंददेव गिरि से भी आत्मीय भेंट की और उनके साथ महत्वपूर्ण संवाद किया। इसके अलावा, उन्होंने श्रीमद्भागवत के विद्वान रमेश भाई ओझा जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर बलाहर से आए छात्रों और आचार्यों ने भी राज्यपाल जी और अन्य संतों से संवाद किया। छात्रों ने इस दिव्य आयोजन के अनुभवों को साझा किया और उनके साथ छायाचित्र भी लिया।

इस दौरान स्वामी ओमकारानंद, स्वामी दिव्यानंद, स्वामी दर्शनानंद, स्वामी आशुतोषानंद सहित कई अन्य आश्रमस्थ जन भी उपस्थित रहे। इस आत्मीय मुलाकात से एक ओर अध्यात्मिक संप्रेषण और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ, जो महाकुंभ के महत्व को और भी बढ़ा रहा है।

## त्रिवेणी के आकाश में दिखेगा संस्कृति का संगम

- महाकुम्भ में 26 जनवरी तक ड्रोन शो का नजारा देख सकेंगे श्रद्धालु
- गणतंत्र दिवस के लिए पर्यटन विभाग ने की विशेष तैयारी

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में तकनीक और सांस्कृतिक संगम के अद्भुत प्रदर्शन की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर से महाकुम्भनगर के सेक्टर-7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। यह शो आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। गणतंत्र दिवस पर इस आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने विशेष तैयारी की है।



### रोशनी और संगीत के समन्वय का नजारा

गुरुवार की शाम सेक्टर-7 में ड्रोन शो का रिहर्सल किया गया। शो में ड्रोन एक साथ आकाश में उड़कर विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाकुम्भ के महत्व को दर्शाने वाले दृश्य ड्रोन के माध्यम से आकाश में उकेरे जाएंगे। रोशनी और संगीत के समन्वय का यह नजारा मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देगा।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ड्रोन शो को लेकर प्रशासन ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। शो के रिहर्सल के दौरान स्थानीय प्रशासन, पुलिस और पर्यटन विभाग ने आपसी समन्वय से सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्था का जायजा लिया।

## जब्त अनाधिकृत गैस सिलेंडरों से बनेगा 'सुरक्षा अमृत कलश'

**अभियान** अग्निशमन विभाग ने मेला क्षेत्र में पकड़े 250 से अधिक अनाधिकृत गैस सिलेंडर



**महाकुंभनगर।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आगजनी की घटना के बाद अग्निशमन विभाग ने छोटे अनाधिकृत गैस सिलेंडरों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। पिछले दो दिनों में मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में मेला क्षेत्र से ऐसे 250 से अधिक गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया है।महाकुम्भ मेला में छोटे गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण हो रही अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक अभियान छेड़ा गया है। इन सिलेंडरों को ध्वस्त किया जाएगा और इनसे एक कलाकृति 'सुरक्षा अमृत कलश' बनाया जाएगा।

### 24 घंटे अग्निशमन विभाग के जवान तैनात

उन्होंने बताया कि मेला शुरू होने से पहले ही अग्निशमन ने सभी 25 सेक्टरों में अपने कैंप स्थापित किए हैं। यहां 24 घंटे अग्निशमन विभाग के जवान तैनात रहते हैं। अग्निशमन विभाग किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहता है। साथ ही, लोगों को आग लगने पर क्या करें और क्या ना करें? इसे लेकर जागरूक करता है। अभियान के दौरान इंडियन आयल के सीजीएम के.एम ठाकुर भी साथ रहे।

### व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा अभियान

प्रमोद शर्मा ने बताया कि यह अभियान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर के दिशा-निर्देशन में चलाया जा रहा है। खबरें मिली थीं कि अग्निशमन विभाग की रोक के बावजूद कुछ लोग चोरी- छुपे ऐसे अनाधिकृत गैस सिलेंडरों का प्रयोग खाना बनाने आदि में कर रहे हैं। अग्निशमन विभाग की चेतावनी के बावजूद जब लोगों ने इन अनाधिकृत गैस सिलेंडरों का उपयोग बंद नहीं किया तो अग्निशमन विभाग को व्यापक स्तर पर अभियान छेड़ना पड़ा।

प्रमोद शर्मा ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को चले अभियान में ऐसे 250 से अधिक अवैध गैस सिलेंडर पकड़े गए हैं, जिन्हें जब्त करके कोतवाली लाया गया है। अब इन सिलेंडरों को ध्वस्त किया जाएगा और इनसे एक कलाकृति 'सुरक्षा अमृत कलश' बनाया जाएगा। प्रमोद शर्मा ने बताया कि 'सुरक्षा अमृत कलश' को महाकुम्भ मेला क्षेत्र के एक चौराहे पर आग से बचाव का संदेश देते हुए स्थापित किया जाएगा।




## जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

महाकुंभनगर। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने महाकुंभनगर के सेक्टर-15 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने सेवा भावना को प्रोत्साहित करते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और कार्यक्रम को संबोधित किया।

राज्यपाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा भाव से कार्य करें ताकि आने वाली पीढ़ियां इससे प्रेरणा ले सकें। गरीब की सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है। सेवा को एक भावना के रूप में स्थापित करें, जिससे यह पूरे देश में फैल सके। किसी भूखे को भोजन कराना सबसे महान कार्य है।

राज्यपाल जी ने महिलाओं की सामाजिक भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि महिलाओं का देश की प्रगति में अहम योगदान है। राज्यपाल जी ने बताया कि उनके द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सिलाई मशीन उपलब्ध कराने और महिलाओं को प्रेरित करने जैसे प्रयासों के अलावा, 30,000 से अधिक आंगनबाड़ियों को गोद लिया है। इसके तहत बच्चों को 30,000 शैक्षणिक किट वितरित किए गए हैं। उन्होंने ने लोगों से बेटियों को कैंसर से बचाने के लिए नियमित रूप से वैक्सीन लगवाने का संकल्प लेने की अपील भी की। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया और अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

## खास खबर

### सोनल दिनुषा को मिल सकती है श्रीलंकाई टेस्ट टीम में जगह

**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम में 24 साल के सोनल दिनुषा को शामिल कर सकती है। माना जा रहा है कि इसी कारण सोलन दिनुषा को तैयारी शिविर में शामिल होने के लिये कहा गया हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार मुख्य कोच सनथ जयसूर्या तथा उनके सहयोगी स्टाफ सदस्यों की निगरानी में प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा। वहीं एक अन्य खिलाड़ी पथुम निसांका को कमर पर चोट लगी है जिससे वह उबर रहे हैं। उनके टेस्ट सीरीज तक फिट होने की संभावनाएं हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भी अपनी खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर परेशान है। दौरे के लिए कप्तान बनाये गये स्टीव स्मिथ अभी तक फिट नहीं हुए है। वहीं टीम के कई अन्य खिलाड़ी भी चोटों से परेशान है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 25 जनवरी को श्रीलंका पहुंचेगी।

### पूर्व टेनिस खिलाड़ी मनीषा ने खेल की खराब हालत के लिए टेनिस प्रशासकों को जिम्मेदार बताया

**नई दिल्ली।** पूर्व ओलंपियन मनीषा मल्होत्रा ने कहा है कि देश में टेनिस की खराब हालत के लिए टेनिस महासंघ और इसके प्रशासकों को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि खेल को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए कई बदलाव करने होंगे। मनीषा ने कहा कि अभी पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं पर उनके प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है। अभी रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान पर आने के साथ ही देश के शीर्ष खिलाड़ी हैं पर अब उनका करियर समाप्त होने को है। वहीं महिला एकल में एक भी भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड़ी शीर्ष 100 में भी नहीं है। महेश भूपति के साथ मिलकर 2002 बुसान एशियाई खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा ने देश में टेनिस के गिरते स्तर के लिए इसके खेल प्रशासन पर निशाना साधा है।

### रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने दिल्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए

**नई दिल्ली।** शुरू हुए रणजी ट्रॉफी सत्र में सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए दित्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए। जडेजा की बेहतरीन गेंदबाजी से ही सौराष्ट्र ने दिल्ली को पहली पारी में 188 रन पर समेट दिया। दिल्ली की ओर से कप्तान आयुष बदोनी ने अर्धशतक लगाया। वहीं सौराष्ट्र की ओर से जडेजा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 35वीं बार 5 विकेट। जडेजा ने 17.4 ओवर में 66 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने सनत सांगवान, यश ढुल, आयुष बदोनी, हर्ष त्यागी और नवदीप सैनी के विकेट लिए। इस मैच में दिल्ली की टीम पहले बल्लेबाज करने मैदान पर उतरी। दिल्ली की ओर से कप्तान ऋषभ पंत भी रन बनाने में असफल रहे। ऋषभ 10 गेंद में एक ही रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। पहले दिन के खेल में जडेजा की गेंदबाजी के सामने दिल्ली के बल्लेबाज विफल रहे। पांच विकेटों के साथ ही जडेजा के अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 547 विकेट हो गए हैं। उनके अब 547 विकेट हो गये हैं और वह 550 के विकेट से केवल तीन विकेट दूर हैं।

---

महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप :

# भारतीय टीम ने श्रीलंका को 60 रन से हराया

❖ भारत और श्रीलंका टीमों ने सुपर 6 चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया



एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने गुरुवार को आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप 2025 के ग्रुप ए अपने आखिरी मैच में गुरुवार को श्रीलंका महिला अंडर 19 टीम को 60 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के बाद भारत और श्रीलंका टीमों ने सुपर 6 चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया। कुआलालंपुर में खेले गए मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी कर 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन गोंगाडी त्रिशा ने बनाए। उन्होंने 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए। उनके अलावा जी कमलिनी 5 रन, कप्तान निकी प्रसाद 11 रन, भाविका अहिरे 7 रन, मिथिला विनोद 16 रन, आयुषी शुक्ला 5 रन, जोशीथा 14 रन, शबनम शकील 2 रन, परूनिका एक रन का योगदान दिया। श्रीलंका की ओर से प्रमुदी मेथसरा, लिमंसा थिलाकरथना, असेनी ने क्रमशः 2-2 विकेट और रश्मिका, चमोडी प्रबोदा, मनुडी ने क्रमशः एक-एक विकेट लिया। भारतीय टीम के दिए 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका महिला अंडर 19 टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 12 रन के स्कोर तक ही पांच विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी 5 रन, दहामी सनेथमा 2 रन, हिरुनी हंसिका 2 रन, कप्तान मनुडी नानायक्करा 2 रन और सुमुदु निसानसाला खाता भी नहीं खोल सकीं। एक के बाद एक विकेट गिरने से श्रीलंका टीम की पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर केवल 58 रन ही बना सकी। रश्मिका सेववंडी 15 रन, लिमंसा थिलाकरथना 6 रन, शशिनी गिम्हानी 3 रन, असेनी थलागुने ने 9 रन बनाए। इस तरह श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 58 रन ही बना कर आउट हो गई। भारतीय टीम की ओर से शबनम शकिल 2 विकेट, जोशीथा वीजे 2 विकेट, परूनिका सिसोदिया 2 विकेट, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। भारत ने मैच 60 रन से जीत लिया। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारतीय टीम लगातार तीन मैचों में जीत के साथ टॉप पर रही और सुपर 6 चरण में क्वालिफाई कर लिया। दूसरी ओर श्रीलंका ग्रुप का अपना पहला मैच हारने के बाद भी सुपर सिक्स में पहुंच गई है।

### अर्शदीप टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय बने

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टी20 मैच में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। अर्शदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में अपने दो ओवरों में दो विकेट लिए। इसी के साथ ही वह टी20 में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाज बन गए हैं। वहीं अर्शदीप ने 60 पारियों में ही सबसे तेजी से ये विकेट लिए। भारतीय टीम की ओर से 96 विकेट लेकर यजुवेन्द्र चहल दूसरे और 90 विकेट लेकर भुवनेश्वर कुमार तीसरे नंबर पर हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम 69 पारियों में 89 विकेट हैं। हार्दिक पांड्या के भी 89 विकेट हैं पर ये विकेट उन्होंने 110 पारियों में लिये हैं। अर्शदीप 2024 के बाद से ही टी20ई में तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने 18 पारियों में 10.8 की स्ट्राइक रेट से 36 विकेट लिए हैं।

---

## खेल का मैदान सपनों को सच करने की है प्रयोगशाला : चीफ जस्टिस

एजेंसी



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने कहा है कि खेल का मैदान केवल प्रतियोगिताओं का स्थल ही नहीं, अपितु सपनों को सच करने की प्रयोगशाला है। यहां मेहनत, अनुशासन और जुनून की परीक्षा होती है। वे गुरुवार को जेवीएम श्यामली के महाखेल उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने जेवीएम श्मामली को शिक्षा, संस्कार और खेल कूद के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करने वाला श्रेष्ठ शिक्षा संस्थान बताया। कहा कि छात्रों की सफलता, शिक्षकों की गुणवत्ता उजागर करती है। कहा कि विद्यालय में निरंतर खेलों के आयोजन से भविष्य के चैंपियन मिलते हैं। खेलकूद मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अति आवश्यक है। बच्चों को प्रेरित करते हुए प्लूटो, मार्टिन लूथर किंग जैसे विद्वानों के कथन को उद्दत करते हुए गुणात्मक शिक्षण पर प्रकाश डाला। केवल डिग्री लेना ही शिक्षा नहीं है। उन्होंने छात्रों को ड्रग, नशा, डिजिटल मीडिया का दुरुप्रयोग, अपराध से दूर रहकर छात्रों को समय प्रबंधन, आत्मानुशासन में रहकर सामाजिक उत्थान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य समरजीत जाना ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा तथा प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की राजकीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए ज्ञान के इस मंदिर को सह शैक्षिक क्रियाकलापों के साथ मूल्यपरक, गुणात्मक व रचनात्मक शिक्षण के लिए कृतसंकल्पित बताया। उन्होंने कहा कि हमारा खेल-उत्सव परवाज का अर्थ होता है - उड़ान यह वह क्षेत्र है जहां एकेडमिक, स्पोटर्स, सेवा, सामाजिक, सुरक्षा आदि हर क्षेत्र में उड़ान भरते हैं। जाना ने कहा कि जब शिक्षा और खेल का सामंजस्य तरीके से एकीकरण होता है तब बालक के मन, शरीर और चरित्र को आकार दिया जाता है। शिक्षा एक बच्चे में जहां बौद्धिक प्रगति की नींव रखता है वहीं खेल बच्चों के शारीरिक और भावनात्मक कल्याण के लिए एक गतिशील उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

## झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव शेखर बोस 38वें राष्ट्रीय खेलों की कंट्रोल कमेटी के सदस्य नियुक्त

एजेंसी



**रांची।** झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव शेखर बोस को 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल संचालन के लिए कंट्रोल कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमताओं और वॉलीबॉल के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन पर उन्होंने कहा, कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे इस प्रतिष्ठित जिम्मेदारी के लिए चुना गया। मैं इस खेल के प्रति अपने समर्पण को जारी रखते हुए राष्ट्रीय खेलों में वॉलीबॉल को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। झारखंड वॉलीबॉल संघ ने सचिव शेखर बोस की इस उपलब्धी पर गर्व व्यक्त करते हुए संघ के चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आर०के० आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय, वरीय उपाध्यक्ष किरण थाम्पकिंसन, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष - उत्तम राज, संजय ठाकुर, सहित निदेशक, खेल एवं युवा कार्य विभाग संदीप कुमार, ज़िला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार, देवाशीष कुमार झा, सूरज प्रकाश लाल, संजय कुमार , सुनिर्मल बोस, भोला प्रताप सिंह, विकास वर्मा, उपेन्द्र सिंह, सेतांक सेन, विश्वजीत नन्दी, बापी, दुर्गा जौहरी, डॉ० सी० के० ठाकुर, हिसाबी राय, कल्याण श्रीवास्तव, राजीव रंजन मिश्रा, आशीष झा, नवीन कुमार शर्मा, सूरज प्रकाश लाल, मुनव्वर आलम, राकेश सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, मो अनवर, गोपाल राम, जी मिश्रा, राकेश पाण्डेय, संजय गुप्ता, दीपक कुमार, गणेश चौबे, मनोज कुमार, मो जाहिद, पीटर मुंडू, ओम प्रकाश तिवारी, रामकुमार प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्रा,सुनील कुमार,भास्कर राव, राजीव मिश्रा, सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनायें दी।

## चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट : वाटसन



एजेंसी

**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है।। एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं सभी खिलाड़ी : हार्दिक पंड्या

एजेंसी



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर उत्साहित हैं। हार्दिक ने अन्य क्रिकेटरों मोहम्मद नबी, फिल साल्ट, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी के साथ टूर्नामेंट के एक प्रमोशनल एड में कहा कि खिलाड़ी इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तैयार हैं। हार्दिक ने कहा कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने उतरेगी। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले माह पाकिस्तान में किया जाएगा हालांकि भारतयी टीम अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के तहत ही दुबई में खेलेगी। भारतीय टीम ने साल 2013 में इंग्लैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट को जीता था जबकि 2002 में वह मेजबान श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रही थी। हार्दिक ने कहा कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की वापसी से क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिलेगा। यह एकदिवसीय प्रारूप को और प्रासंगिक बनाता है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से प्रशंसकों और खिलाड़ियों में खेल को लेकर उत्साह आता है। उन्होंने आईसीसी के एक वीडियो में कहा कि इसमें भारतीय टीम क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही अपने प्रदर्शन से हर खिलाड़ी ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस टूर्नामेंट का शुरूआती मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को कराची में होगा। वहीं भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। यह वीडियो चैम्पियंस ट्रॉफी और ह्वासफेद जैकेट हासिल करने के लिए सब कुछ दांव पर लगाने वाले खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों को दिखाता है।

### खेल में वापसी करना चाहते हैं डिविलियर्स

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने कहा है कि वह अब भी खेल सकते हैं। इसलिए खेल में वापसी भी कर सकते हैं। डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। अब वह इस तरह से खेलना चाहते हैं जहां किसी प्रकार का दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें। डिविलियर्स खेल से संन्यास के बाद चैरिटी और प्रसारण के कार्य कर रहे हैं। वह वर्तमान समय में एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। डिविलियर्स ने अपने तीन बच्चों की बात रते हुए कहा, मैं अब भी क्रिकेट खेल सकता हूं।

## कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा बने झारखंड जिम्नास्टिक संघ के संरक्षक

एजेंसी



**रांची।** झारखंड जिमनास्टिक संघ के अनुरोध पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने झारखंड जिम्नास्टिक संघ का संरक्षक बनना स्वीकार किया है। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के सचिव ने उन्हें इस पद को सुशोभित करने हेतु अनुरोध किया, जिसे डॉ. सिन्हा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड में जिम्नास्टिक को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संघ के साथ मिलकर काम करेंगे। संघ के सचिव ने डॉ. सिन्हा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से झारखंड में जिम्नास्टिक खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। ज्ञात हो की विगत दो वर्षों से झारखण्ड ऐरोबिक जिम्नास्टिक की टीम लगातार दो वर्षों से राष्ट्रीय खेल में पदक जीत रही है। डॉ अजीत कुमार सिन्हा का यह निर्णय झारखंड के जिम्नास्टिक खेल के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि डॉ. सिन्हा के नेतृत्व में जिम्नास्टिक को नई दिशा मिलेगी।

## आईएसएल : केरला ब्लास्टर्स एफसी का ईस्ट बंगाल एफसी से सामना आज

एजेंसी

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में केरला ब्लास्टर्स एफसी का सामना शुक्रवार को शाम 7:30 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। केरला ब्लास्टर्स एफसी 17 मैचों में छह जीत, तीन ड्रा और आठ हार के साथ 21 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर है जबकि ईस्ट बंगाल एफसी 16 मैचों में चार जीत, दो ड्रा और दस हार से 14 अंक लेकर तालिका 11वें स्थान पर है। मेजबान टीम इस मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। इस सीजन में उसे लगातार छह हार मिल चुकी है। वहीं, केरला ब्लास्टर्स एफसी ने 5 जनवरी को पंजाब एफसी को 1-0 से हराया था। ब्लास्टर्स अपने पिछले पांच मैचों में तीन बार जीते हैं और एक ड्रा खेला है। ब्लास्टर्स के नाम 17 मैचों में 26 गोल हैं, जिसमें जीसस जिमेनेज और नौहा सदौई ने क्रमशः 10 और सात गोल किए हैं। वहीं, ईस्ट बंगाल ने अभी तक इस सीजन में 16 गोल दागे हैं। डेविड लालहलनसांगा, दिमित्रियोस डायमांटाकोस और विष्णु पुथिया ने तीन-तीन गोल किए हैं। ईस्ट बंगाल एफसी के हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन ने अपने खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी टीम की क्षमता और स्तर पर भरोसा है। हमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुझे अपने खिलाड़ियों पर भरोसा है। ब्लास्टर्स एफसी के अंतरिम मुख्य कोच टीजी पुरुषोत्तमन का कहना है कि उनकी टीम अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों की चुनौतियों का सामना करने के लिए योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हम सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं और प्रत्येक मैच के लिए योजना बनाते हैं। हम सभी आधारों को ठीक से कवर करना चाहते हैं। आईएसएल में दोनों टीमों के बीच नौ मुकाबले हुए हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी चार बार जीती है जबकि ईस्ट बंगाल एफसी ने दो मैच जीते हैं। तीन मुकाबले ड्रा रहे हैं।

## एक दिवसीय के महान खिलाड़ी हैं विराट : गांगुली

### जून में इंग्लैंड दौरा बड़ी चुनौती होगा

एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने खराब फार्म के गुजर रहे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। गांगुली ने विराट की तुलना दिग्गज महिला क्रिकेटरों मिताली राज और झूलन गोस्वामी से की है। गांगुली ने कहा कि विराट एकदिवसीय प्रारुप में अब तक के सबसे बेहतर क्रिकेटरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि कोहली में अभी भी काफी क्रिकेट बाकी है लेकिन उन्होंने अगाह किया कि जून का इंग्लैंड दौरा उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। गांगुली ने कहा कि मुझे अब भी विश्वास है कि विराट कोहली में बहुत क्रिकेट बाकी है। इंग्लैंड दौरा उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। करियर में 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाना अविश्वसनीय बात है। मेरे लिए, वह संभवतः दुनिया का सबसे महान सफेद गेंद वाला खिलाड़ी है। कोहली के नाम एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक 50 शतक हैं जबकि महान



बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम भी इतने शतक नहीं हैं। सचिन के नाम 49 शतक हैं। विराट एकदिवसीय और टी20ई क्रिकेट इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में कोहली के खराब प्रदर्शन से गांगुली हैरान हैं। उन्होंने कहा कि पर्थ में शतक लगाने के बाद उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे मैं परेशान था। इससे पहले उन्होंने यहां संघर्ष किया था पर पर्थ में शतक के बाद, मैंने सोचा था कि यह उनके लिए एक बड़ी सीरीज होगी पर ऐसा नहीं हुआ। विश्व के हर खिलाड़ी की अपनी कमजोरियां और ताकत होती हैं। गांगुली ने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है जिसके पास यह नहीं होगा। यह इस चीज के बारे में हैं कि आप समय के साथ महान गेंदबाजों को खेलते हुए अपनी कमजोरियों को कैसे अनुकूलित करते हैं।



इंडोनेशिया में बैडमिंटन मास्टर्स टूर्नामेंट के महिला वर्ग में गाओ फैंकजी रिटर्न शॉट लगाते हुए।

## अगर बढ़ती उम्र के साथ दिखना है जवां, तो ऐसे करें अपनी स्किन का ख्याल

**शारीरिक स्वास्थ्य की तरह त्वचा का ख्याल रखना भी जरूरी है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारी त्वचा से कोलेजन का उत्पादन भी कम होने लगता है। इसके साथ ही त्वचा से प्राकृतिक तेल और इलास्टिन भी कम होने लगता है। ऐसे में हमारी त्वचा रूखी हो जाती है, जिससे चेहरे पर झुर्रियां और बारीक रेखाएं नजर आने लगती हैं।चेहरे पर बढ़ती उम्र के लक्षण दिखने से बचने के लिए आपको त्वचा का बेहद ख्याल रखना होगा। इस आर्टिकल में हम आपको त्वचा की देखभाल से जुड़ी कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।**

### माइल्ड क्लींजर शामिल करें

घर से बाहर निकलने के बाद हमारी त्वचा को सूरज की यूवी किरणें, धूल और बारिश समेत कई चीजों का सामना करना पड़ता है। त्वचा की देखभाल के लिए माइल्ड क्लींजर को दिनचर्या में शामिल करें। इससे त्वचा से गंदगी और धूल आसानी से साफ हो जाएगी। हालाँकि, इस बात का ध्यान रखें कि माइल्ड क्लींजर आपकी त्वचा के प्रकार का होना चाहिए।

### विटामिन सी क्रीम का प्रयोग करें

अगर चेहरे पर मुंहासे और काले दाग-धब्बों की समस्या है तो चेहरे पर विटामिन सी क्रीम या सीरम लगाएं। सीरम त्वचा की उम्र बढ़ने को रोकने और काले धब्बों को कम करने का काम करता है। बेहतर होगा कि सुबह चेहरा धोने के बाद ही चेहरे पर विटामिन सी क्रीम या सीरम लगाएं।


### सनस्क्रीन लगाएं

सूरज की यूवी किरणें हमारी त्वचा पर सीधा असर डालती हैं। अगर आप धूप में बाहर जा रहे हैं तो सनस्क्रीन का प्रयोग करें। त्वचा विशेषज्ञों के मुताबिक, कम से कम 30 एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

### चेहरे को रगड़ें

चेहरे की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए सफाई जरूरी है। इसके लिए चेहरे पर स्क्रब करना जरूरी है। इससे त्वचा चमकदार दिखती है।





# बदबूदार सांसों से छुटकारा

## दिलाएंगे ये 10 घरेलू नुस्खे, डॉक्टर के मुताबिक आठवां तरीका सबसे आसान

**मुंह की बदबू एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान हैं. बदबूदार सांस कई कारण हो सकते हैं जैसे कि ठीक से ब्रश न करना, खाना खाने के बाद ठीक से मुंह न धोना, स्मोकिंग करना या तंबाकू खाना शामिल है. सांसों की बदबू से परेशान लोगों का सेल्फ कॉन्फिडेंस कम हो जाता है. चार लोगों के बीच में वे ठीक से बात नहीं कर पाते हैं. ऐसे में अगर आप भी ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं? तो इसका काफी आसान और सस्ता घरेलू इलाज है.**

आयुर्वेदिक सलाहकार डॉ. गायत्री देवी के अनुसार, मुंह की बदबू दूर करने के ये घरेलू उपाय काफी कारगर हो सकते हैं

**ग्रीन टी-**

इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टिरियल तत्व मुंह की बदबू को कम करने में सक्षम होते है.

**मुलेठी-**

मुलेठी को प्रतिदिन चबाने से मुंह का स्वास्थ्य बेहतर होता है, साथ ही मुंह से बदबू आने की समस्या भी कम होती है. मुलेठी चबाने से मुंह का स्वास्थ्य बेहतर होता है

**लौंग-**

लौंग को भी मुंह के स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना जाता है. इसे हल्का भूनकर चबाने या मुंह में रख कर चूसते रहने से मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है.

**पुदीना-**

पुदीने के पानी से कुल्ला करने या पुदीने की पती को चबाने से भी मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है.

**सौंफ-**

सौंफ का सेवन ना सिर्फ मुंह की बदबू को दूर करने में मददगार होता है, बल्कि पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद होता है. सौंफ मुंह की बदबू को दूर करने में मददगार

**सूखा धनिया-**

सूखे धनिये को बेहतरीन मुखवास माना जाता है. इसे मुंह में रखकर चबाने से मुंह की दुर्गन्ध दूर हो जाती है.

**तुलसी-**

प्रतिदिन तुलसी की पती चबाने से भी मुंह की बदबू दूर हो जाती है. मुंह की बदबू भगाने के लिए तुलसी की पती चबाएं

**नमक के पानी से कुल्ला-**

प्रतिदिन गर्म पानी में नमक डालकर कुल्ला करने से मुंह की दुर्गन्ध कम होती है और गले में संक्रमण की आशंका कम हो जाती है.

**अमरूद की पत्तियां-**

अमरूद की पत्तियां औषधीय गुणों से भरपूर होती है. साथ ही उन्हें चबाने से मुंह की दुर्गन्ध कम होने के साथ ही मुंह के छालों में भी आराम मिलता है.

**अनार का छिलका-**

आप अनार का छिलका भी मुंह की बदबू को दूर करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए अनार के छिलके को पानी में उबालकर उस पानी से कुल्ला करें.

**ध्यान देने वाली बात...**

मुंह से दुर्गन्ध आना कई गंभीर बीमारियों के लक्षण भी हो सकते हैं. इसलिए यदि सांसों से बदबू के अलावा नाक बहने तथा बलगम वाली खांसी के साथ बुखार आए, गले में छाले हो और मसूड़ों में दर्द या उनसे खून निकले, तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए...





## अपनी स्किन के लिए ऐसे करें गुड़हल के फूलों का इस्तेमाल, खिली खिली दिखेगी त्वचा

आजकल बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। ज्यादातर ब्यूटी प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होने के साथ-साथ काफी महंगे भी होते हैं। कई बार इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से त्वचा पर लंबे समय तक असर नजर नहीं आता। ऐसे में आप त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए कुछ प्राकृतिक तरीके भी आजमा सकते हैं। आप गुड़हल के फूल को भी अपने स्किनकेयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।अपनी त्वचा की देखभाल की दिनचर्या में गुड़हल के फूलों को शामिल करने के कुछ तरीके यहां दिए गए हैं। इन्हें फॉलो करने से आपकी त्वचा पर नेचुरल ग्लो भी आएगा। आइए यहां जानते हैं कि आप किस गुड़हल के फूल का इस्तेमाल त्वचा के लिए किस तरह से कर सकते हैं।

### त्वचा को एक्सफोलिएट करता है

आप गुड़हल के फूल का उपयोग त्वचा के लिए स्क्रब के रूप में भी कर सकते हैं। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करता है। इसमें मौजूद गुण मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने का काम करते हैं। गुड़हल से बना स्क्रब रोमछिद्रों में जमा गंदगी को बाहर निकालने का काम करता है। एक कटोरी में 1 चम्मच गुड़हल पाउडर लें। इसमें एक चम्मच चीनी मिला लें. इसमें थोड़ा सा शहद मिलाएं. इन चीजों को मिलाकर स्क्रब की तरह इस्तेमाल करें।

### प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र

आप गुड़हल के फूल का उपयोग प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको गुड़हल के पेस्ट का इस्तेमाल करना होगा. गुड़हल के फूलों का पेस्ट त्वचा पर कुछ देर तक लगाकर रखें। इसमें म्यूसिलेज होता है. इससे त्वचा मुलायम दिखती है.

### त्वचा की उम्र बढ़ना

आप गुड़हल के फूलों से भी त्वचा की उम्र बढ़ने से रोक सकते हैं। गुड़हल के फूल में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। अगर आप त्वचा के लिए गुड़हल के फूल का उपयोग करते हैं, तो यह कोलेजन उत्पादन में मदद करता है। गुड़हल के फूल में विटामिन सी होता है। इससे आपकी त्वचा टाइट और जवां दिखती है। एक कटोरी में गुड़हल पाउडर लें. इसमें शहद और गुलाब जल मिलाएं. दोनों चीजों को मिलाकर त्वचा पर 20 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें।

### त्वचा का रंग

गुड़हल के फूल में मैलिक एसिड और साइट्रिक एसिड होता है। इसमें अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड भी पाया जाता है। वे मेलेनिन के उत्पादन को नियंत्रित करते हैं। इससे त्वचा में चमक आती है. आप त्वचा को काले धब्बों और हाइपरपिग्मेंटेशन से बचा सकते हैं।

### सूजन को कम करता है

गुड़हल के फूल में सूजन-रोधी गुण होते हैं। गुड़हल के फूल में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं। गुड़हल के फूलों के पेस्ट से आप त्वचा की लालिमा और खुजली की समस्या को ठीक कर सकते हैं। यह त्वचा के छिद्रों को कसता है। इससे आप त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित कर सकते हैं।

# कोलेजन को बूस्ट करने में माहिर है ये फल, स्किन बनेंगी चमकदार

स्किन को ग्लोइंग बनाने में सबसे ज्यादा मदद कोलेजन करता है। इसको नैचुरली बूस्ट करने के लिए आपको अपनी डाइट में इन फलों का सेवन करना चाहिए। आइए आपको बताते हैं कोलेजन को बूस्ट करने के लिए कौन-से फ्रूट्स खाने चाहिए।

चमकदार और अच्छी त्वचा पाने के लिए कोलेजन का होना काफी जरुरी है। यह एक प्रकार का प्रोटीन है, जो स्किन मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप भी नैचुरली तरीके से कोलेजन को बूस्ट करना चाहती हैं, तो आप अपने डाइट में कुछ फलों को जरुर शामिल करें। चलिए आपको इन फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन करने से कोलेजन बूस्ट होता है।

### संतरे

संतरे में सबसे ज्यादा विटामिन सी मौजूद होती है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। संतरे के सेवन से चेहरे पर चमक आती है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

### बेरीज

जितनी भी बेरीज मौजूद है जैसे कि- स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी में कोलेजन मात्रा भरपूर होती है। इन सभी बेरीज में जरुरी विटामिन सी होता है। जो कि स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। आमतौर पर इन बेरीज मे एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

### ट्रॉपिकल फ्रूट्स

कोलेजन के बढ़ाने के लिए आप अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फलों का सेवन करना जरुरी है। यह फल के स्वाद के साथ ही शरीर को आंतरिक रूप से पोषण देता है। तरबूज में पानी की मात्रा सबसे ज्यादा होती है और स्किन का हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

### ग्रेप फ्रूट

अंगूर में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट सबसे ज्यादा पाया जाता है। यह स्किन की इलास्टिसिटी में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई होती है। इससे आपको कोलेजन भी काफी बढ़ता है।

### एवोकाडो

यह फल हेल्थ के साथ ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई मौजूद होता, जो स्किन के कोलेजन को बढ़ाता है।





# बिग बॉस 18 फिनाले से बिना शूट किए निकलने पर बोले अक्षय

अक्षय कुमार ने उन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है, जिनमें कहा जा रहा था कि वे सलमान खान के देर से आने के कारण बिग बॉस 18 के सेट से बिना शूटिंग किए वापस चले गए थे। अक्षय कुमार ने स्पष्ट किया कि उनके पास पहले से ही कुछ जरूरी कमिटमेंट्स थे, जिसकी वजह से उन्हें जाना पड़ा था। हाल ही में दिल्ली में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब अक्षय से पूछा गया कि क्या सलमान की देर से आने के कारण उन्हें सेट से बिना शूट किए जाना पड़ा था, तो उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, मैं समय पर वहां पहुंच चुका था, लेकिन सलमान थोड़े देर से पहुंचे। उन्हें कुछ पर्सनल काम था, इसलिए उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें करीब 40 मिनट की देरी होगी। लेकिन मुझे वहां से जाना पड़ा, क्योंकि मेरे पास पहले से कुछ कमिटमेंट्स थे। हमने इस बारे में बात की और मैं सेट से निकल गया, लेकिन वीर वहीं थे और उन्होंने सलमान के साथ शूट किया था। हालांकि, सलमान खान ने भी फिनाले एपिसोड में बताया था कि अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स का प्रमोशन करने वीर पहाड़िया के साथ आने वाले थे। लेकिन वह थोड़ा लेट हो गए थे और अक्षय कुमार को किसी फंक्शन के लिए जाना था, इसलिए वो चले गए थे। फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे अक्षय कुमार 'स्काई फोर्स' का निर्देशन संदीप केलवानी और अभिषेक कपूर ने किया है। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की असली कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी हैं। अक्षय कुमार का किरदार विंग कमांडर ओपी तनेजा से प्रेरित है, जबकि वीर पहाड़िया दिवंगत स्क्वाड्रन लीडर अमजद बी देवैया के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं, सारा अली खान उनकी पत्नी की भूमिका में हैं।



# नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ करियर, हमेशा आइटम गर्ल समझा गया

हाल ही में राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'सत्या' री-रिलीज हुई है। इस मौके पर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने रामू के साथ लड़ाई की खबरों को महज अफवाह बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका करियर रामगोपाल वर्मा के कारण नहीं, बल्कि नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ। उन्हें हमेशा ही आइटम गर्ल या फिर सेक्स साइरन के रूप में देखा गया। उर्मिला ने राम गोपाल वर्मा के साथ सत्या, जंगल, रंगीला और भूत जैसी फिल्मों में काम किया है। रंगीला बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही और इस फिल्म ने उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में 'रंगीला गर्ल' के तौर स्थापित कर दिया। इंडस्ट्री में ऐसी अफवाह थी कि एक्ट्रेस का रामू के साथ अफेयर चल रहा है जिस वजह से वो उनकी हर फिल्म में होती हैं। हालांकि, एक समय पर दोनों के बीच लड़ाई की खबरें आने लगीं। उर्मिला मातोंडकर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि कई बेहतरीन फिल्में करने के बाद भी 90 के दशक में मीडिया सिर्फ उनके लुक और उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करती थी। लोगों को उनकी एक्टिंग के बजाय उनकी जिंदगी के हर पहलु में दिलचस्पी रहती थी। पिंजर, कौन, एक हसीना थी जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम करने के बावजूद भी उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में सिर्फ एक आइटम गर्ल ही समझा गया। उर्मिला कहती हैं- इंडस्ट्री में सिर्फ एक आइटम गर्ल और सेक्स साइरन के तौर पर देखा जाता था। मैं इंडस्ट्री से ताल्लुक नहीं रखती थी, जिसका मुझे खामियाजा उठाना पड़ा था। सत्या की री-रिलीज के मौके पर उर्मिला मातोंडकर ने एक बार फिर डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा और एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ काम करने की इच्छा जताई है।


# अब टीवी-फिल्म एक्टर रोनित रॉय करेंगे सैफ अली खान की सुरक्षा

16 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर एक व्यक्ति ने उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया, यह व्यक्ति चोरी के इरादे से एक्टर के घर में आया था। हमले में सैफ अली खान को कई चोटें आईं। लीलावती हॉस्पिटल में उनकी सर्जरी हुई। हमले के पांच दिन बाद यानी मंगलवार को सैफ को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है। सैफ अली खान पर हमला करने वाले व्यक्ति को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। लेकिन अब सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी एक्टर रोनित रॉय पर है।

## रोनित रॉय लेंगे सुरक्षा की जिम्मेदारी

टीवी और फिल्मों में एक अलग पहचान रखने वाले कलाकार रोनित रॉय को हाल ही में एक्टर सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली है। एक्टर रोनित रॉय को, सैफ अली खान के आसपास लीलावती हॉस्पिटल और उनके घर में देखा गया। असल में एक्टिंग करने के अलावा रोनित रॉय एक सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक भी हैं, वह लगभग कई सालों से इस एजेंसी को चला रहे हैं। यही कारण है कि रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी को एक्टर सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

अमिताभ बच्चन को भी देते हैं सुरक्षा सैफ अली खान को ही रोनित रॉय सिक्योरिटी नहीं दे रहे हैं। उनकी सिक्योरिटी एजेंसी अमिताभ बच्चन के अलावा कई और नामी बॉलीवुड एक्टर्स को सुरक्षा देती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी जिन कलाकारों को सिक्योरिटी देती है, उसमें आमिर खान, सलमान खान, शाहरुख खान का नाम भी शामिल है।





# आपत्तिजनक अफवाहों पर भड़कीं तब्बू

एक्ट्रेस तब्बू ने अपने खिलाफ फैलाए गए आपत्तिजनक अफवाहों पर गुस्सा जाहिर किया है, जिसमें कहा गया था कि मुझे शादी में दिलचस्पी नहीं है, बल्कि मुझे सिर्फ अपने बिस्तर पर मर्द चाहिए। तब्बू की टीम ने ऐसी खबरों को प्रसारित करने वाले मीडिया हाउस को फटकार लगाई है। इस मामले में तब्बू की टीम ने एक सार्वजनिक बयान जारी किया है। जिसमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की आलोचना की है, जिनमें शादी के बारे में एक्ट्रेस के विचार पब्लिश किए थे। तब्बू की टीम ने अपनी इस हरकत के लिए मीडिया हाउस से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक तब्बू की टीम ने बयान में कहा- कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया ने तब्बू के बयान को गलत तरीके से पब्लिश किया है। इससे पाठकों को गुमराह किया जा रहा है। हम यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि एक्ट्रेस ने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा है। बता दें कि एक वेबसाइट ने एक्ट्रेस के बारे में एक न्यूज पब्लिश की थी। जिसमें यह दावा किया था कि तब्बू ने कहा मैं शादी में दिलचस्पी नहीं रखती है और केवल एक मर्द चाहती हूं जिसके साथ मैं बिस्तर पर सो सकूं।

# जन्नत जुबैर कर दिया ये कारनामा, इस मामले में शाहरुख खान को पछाड़ा

बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान भारत से लेकर विदेशों तक लाखों-करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके चाहने वालों की बहुत बड़ी तादाद है, लेकिन अभिनेता को 23 साल की अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जन्नत जुबैर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जन्नत जुबैर की बढ़ती लोकप्रियता डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है।








# शाहिद कपूर की देवा के शूट हुए मल्टीपल क्लाइमैक्स टीम को भी नहीं पता कहानी का सही अंत

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने जा रहे हैं। अभिनेता ने फिल्म के लिए कई क्लाइमेक्स सीन शूट किए हैं। हालांकि, उनमें से केवल एक ही फाइनल कट में शामिल हुआ है। फिल्म की कहानी का अंत कैसा होगा इस बारे में टीम मेंम्बर्स को भी नहीं पता है।

## देवा के कई क्लाइमेक्स शूट हो रहे

फिल्म के लिए कई क्लाइमेक्स सीन शूट किए गए थे और यहां तक कि कास्ट और क्रू को भी नहीं पता कि कौन सा वर्जन फाइनल कट में शामिल हुआ है। सूत्रों ने कहा, निर्माताओं ने क्लाइमेक्स को पूरी तरह से गुप्त रखा है, जिससे हर कोई अनुमान लगा रहा है। यह गोपनीयता न केवल दर्शकों के लिए बल्कि टीम के लिए भी रहस्य की एक अतिरिक्त परत सुनिश्चित करती है।

## देवा का ट्रेलर हुआ रिलीज

देवा का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही रिलीज हुआ। इसमें अभिनेता ने फिल्म में एक गुस्सैल, युवा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है और उन्हें कुछ गंभीर मुक्के और प्रभावशाली बंदूक-तान वाले दृश्य देते हुए देखा जा सकता है।

## ऐसा है फिल्म का ट्रेलर

शाहिद कपूर पूरे ट्रेलर में धमाकेदार एक्शन और अपने इंटेंस लुक के साथ नजर आए। अभिनेता पूरे ट्रेलर में छाए रहें। वह शहर से गुंडों का सफाया करते दिख रहे हैं। ट्रेलर में गुंडों और देवा के बीच जबरदस्त संघर्ष दिखा है, जो फैंस की उत्सुकता को बढ़ाने वाला है। पुलिसवाले के किरदार में अभिनेता काफी जंच रहे हैं। वहीं, लंबे समय के बाद वह किसी एक्शन फिल्म में दिखे हैं। अभिनेता को 'आई एम माफियाज' डायलॉग बोलते हुए सुना जा सकता है।

## ऐसी है स्टार कास्ट

'देवा' के स्टार कास्ट की बात की जाए तो फिल्म में शाहिद के अलावा देवी की मुख्य भूमिका में पूजा हेगड़े हैं और उनके साथ पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुबरा सैत भी शामिल हैं। फिल्म 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के फैंस लंबे समय से उन्हें एक्शन अवतार में देखना चाहते थे।



# राम गोपाल वर्मा ने किया नई फिल्म सिंडिकेट का एलान

फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने अपनी आगामी फिल्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी साझा की है, जो कि उनका अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी और डरावना काम होने का वादा करती है। राम गोपाल वर्मा के अनुसार, यह फिल्म एक भयानक आपराधिक संगठन के उदय को दर्शाने के लिए तैयार है, जो भारत के अस्तित्व को खतरे में डालता है।

## नई फिल्म का खुलासा

एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में राम गोपाल वर्मा ने सिंडिकेट के पीछे की छिपी अपनी सोच के बारे में बात की। यह देखते हुए कि सड़क गिरोह अतीत में भारत में एक बड़ा खतरा थे, आज असली खतरा राजनीतिक ताकतों, कानून प्रवर्तन, अति-धनी व्यापारियों और यहां तक कि सैन्य कर्मियों सहित विभिन्न गुटों से मिलकर एक शक्तिशाली सिंडिकेट के गठन में है।

## आपराधिक संगठन का गिरोह

राम गोपाली वर्मा ने कहा कि सिंडिकेट सुपरनैचरल हॉरर फिल्म नहीं है, बल्कि मानव की भयावह क्षमता को दिखाएगी। फिल्म निर्माता ने इस बात का खुलासा किया कि फिल्म अपराध और आतंक की प्रकृति को उजागर करेगी, यह दर्शाती है कि कैसे आपराधिक संगठन समय के साथ और भी अधिक घातक रूप में विकसित होते हैं। उन्होंने कहा, अपराध और आतंक कभी नहीं मरते। वे अधिक घातक रूपों में वापस आते रहते हैं।

## सत्या जैसी फिल्में बनाना चाहते राम गोपाल वर्मा

इससे पहले राम गोपाल वर्मा ने खुलासा किया कि 27 साल बाद फिर से सत्या देखने पर वह बहुत भावुक हो गए, क्योंकि उन्होंने इस बात पर विचार किया कि कैसे सत्या और रंगीला जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें भटका दिया, जिससे उनका रचनात्मक ध्यान भटक गया। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी सफलता के नशे में चूर हो गए और उन मूल सिद्धांतों को भूल गए, जिन्होंने उन्हें शुरू में यादगार फिल्में बनाने के लिए प्रेरित किया था।

# छावा में महारानी येसूबाई बनीं हैं रश्मिका मंदाना

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर अपकमिंग फिल्म 'छावा' से अभिनेत्री का फर्स्ट लुक निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। पोस्टर में अभिनेत्री मराठा साम्राज्य की महारानी येसूबाई की भूमिका में हैं। मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रश्मिका मंदाना के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हर महान राजा के पीछे ताकत से भरी रानी खड़ी होती है। महारानी येसूबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का परिचय, स्वराज्य का गौरव है। पोस्टर में अभिनेत्री शाही अंदाज में दिखीं। लाल साड़ी, सोने के गहने, हरी चूड़ियों के साथ वह मराठी बिंदी में नजर आईं। पोस्टर को रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी शेयर किया और बताया कि छावा का ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास 'छावा' पर बनी फिल्म में विक्की कौशल मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म में अक्षय खन्ना अहम भूमिका में दिखाई देंगे। आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम, संतोष जुवेकर और प्रदीप रावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। विक्की और रश्मिका स्टारर छावा 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने छावा का निर्माण किया है। संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है। सिनेमैटोग्राफी सौरभ गोस्वामी की है, जबकि मनीष प्रधान ने संपादन का काम संभाला है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री के पास सलमान खान स्टारर सिकंदर है, जिसका निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है।



# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर ली यातायात नियमों के पालन की शपथ




**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने एक्स्पो कार पार्किंग ,नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न स्कूलों प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं, मोटर शाहन डीलरों, ट्रक/ बस यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा ऐतिहासिक मानव श्रृंखला का निर्माण कराते हुए यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शहरवासियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा के लिए सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनेंगे एवं पीछे बैठे व्यक्ति को पहनाएंगे, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे एवं अन्य बैठे हुए व्यक्तियों को भी सीट बैल्ट लगवायेंगे। कभी कलाबाजी नहीं करेंगे व सदा लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे। कभी तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाएंगे व सदा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलायेंगे। कभी गलत दिशा में वाहन नहीं चलाएंगे एवं कभी भी गलत दिशा से ओवरटेक नहीं करेंगे।

आयोजित मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह में लगभग 20000 विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं स्कूली बच्चों के साथ सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न स्कूलों में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की स्कूली छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह में अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डा0 उदित नारायण पाण्डेय, अभिषेक कनौजिया, विपिन चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवांर, यात्री कर अधिकारी के जी संजय एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नोएडा में छह स्थानों पर बनेंगे वर्टिकल गार्डन, 91 लाख होंगे खर्च



**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर में ग्रीनरी को बढ़ावा देने के लिए 6 स्थानों पर वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। पहला शाहदरा ड्रेन का ब्रिज है। इस ब्रिज के दोनों ओर वर्टिकल गार्डन बनाया जाएगा। इस गार्डन में छोटे गमलों में पेड़ों को लगाया जाएगा। ये पेड़ कम पानी में आसानी से काफी महीनों तक जीवित रहेंगे। इसें अधिकांश झाड़ी नुमा पेड़ होंगे। जिससे सड़क के दोनों ओर हरियाली दिखाई दे।

इसके अलावा सेक्टर-14 की रोड पर वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। वहीं सेक्टर-59,61, 62 और सेक्टर-63 मेट्रो पिलर पर वार्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। जिसमें गमले रखकर उनमें पेड़ लगाए जाएंगे। बता दे इससे पहले भी कई स्थानों पर प्राधिकरण ने वर्टिकल गार्डन बनाए थे। लेकिन रखरखाव के अभाव में या तो लोगों ने गमले चोरी कर लिए या फिर पेड़ पौधे सूख गए। ऐसे में जो कंपनी इन वर्टिकल गार्डन को बनाएगी। उसी कंपनी को दो साल तक इसका मैनटेनेंस भी करना होगा। इन छह स्थानों पर करीब 91 लाख 46 हजार रुपए में वर्टिकल गार्डन का निर्माण होगा। प्राधिकरण ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। 29 जनवरी तक कंपनियां आवेदन कर सकती है। 30 को बिड खोली जाएगी। इसमें कंपनी का चयन किया जाएगा। इसी कंपनी को यहां वर्टिकल गार्डन का निर्माण करना होगा। वर्टिकल गार्डन में पौधे लगाने के लिए, ट्रेलिस, आर्च, या वर्टिकल सपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है. कुछ वर्टिकल गार्डन में हाइड्रोपोनिक सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जाता है।

# वजीरपुर क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं ने किया प्रचार-प्रसार



**दिल्ली/नोएडा (चेतना मंच)।** वजीरपुर दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रागिनी नायक के साथ चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत जे.जे कॉलोनी अंतर्गत ए और बी ब्लॉक में घर-घर, गाली-गली, दुकान-दुकान जाकर समर्थन मांगा।

वजीरपुर में चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत क्षेत्रवासी अपना भरपूर साथ और समर्थन दे रहे हैं। सबका साथ पाकर मेरा हौसला और बढ़ गया है। वजीरपुर को बदहाली के दलदल से निकाल कर, खुशहाली की ओर ले जाना ही मेरा मूल मकसद है। केशवपुरम, सी-5, सी-6 में चुनाव प्रचार किया।

चुनाव प्रचार में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक बेसोया,वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सचान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कोशल्य, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, पूर्व एआईसीसी सदस्य राज कुमार भारती, राज सिंह, आसिफ़ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# नोएडा में दो अंडरपास का निर्माण मार्च में होगा शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर प्राधिकरण दो नए अंडरपास झट्टा (16.900 किमी चैनेज पर) व सुल्तानपुर गांव (6.10 किमी चैनेज पर) के सामने बनाया जाएगा। सैंद्धांतिक मंजूरी के बाद दोनों अंडरपास की फाइल आईआईटी रुढकी भेजी गई थी। वहां से मंजदूरी के बाद अब सीईओ ने भी इसे अप्रूव कर दिया है।

दोनों अंडरपास के लिए दो से तीन दिनों में टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। यहां लो कास्ट कंपनी को चुना जाएगा। एक महीने में निर्माण कंपनी का चयन किया जाएगा। मार्च में इसका निर्माण शुरू हो सकता है। निर्माण छह महीने में पूरा करना होगा। परियोजना से 30 आवासीय सेक्टर और 15 गांव के लोगों का आवागमन सुगम होगा।

पहला अंडरपास एक्सप्रेस-वे पर 16.900 किमी चैनेज पर सेक्टर-145, 146 155 और 159 के बीच बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। प्राधिकरण ने इसके निर्माण के लिए 131 करो? का बजट बनाया था। इस बजट में आईआईटी ने संसोधन करते हुए 117 करोड़ का कर दिया गया है। इससे नवविकसित / विकासाधीन



औद्योगिक सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 162 और 9 गांव को लाभ मिलेगा। दूसरा अंडरपास सुल्तानपुर के पास एक्सप्रेस-वे पर 6.10 किमी चैनेज पर सेक्टर-128, 129, 132 और 108 के बीच बनेगा। इसकी लंबाई 731 मीटर की होगी। प्राधिकरण ने इसका बजट 106 करोड़ बनाया था। जिसके आईआईटी रूढकी ने कम करके 98 करोड़ कर दिया गया है। इस अंडरपास से सेक्टर-104, 105, 106, 107, 108, 110, 80, 81, 82, 83, 127, 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134, 135, फेस-2, एनएसईजेड एवं 11 गांव को लाभ मिलेगा।

इस बार बनाए जाने वाले अंडर पास में तकनीक का बदलाव किया गया है। 2020 के बाद एक्सप्रेस वे पर कोंडली, एड्वेंट और सेक्टर-96 अंडरपास बॉक्स पुशिंग तकनीक पर बनवाए गए थे। इसमें लगातार एक्सप्रेस वे की सड़क धंसने की समस्याएं सामने आई थीं। इसलिए अबकी बार अंडर पास निर्माण के लिए प्राधिकरण डायाफ्राम तकनीक का चयन किया है।

इसमें बगैर खुदाई के डायाफ्राम वॉल कास्ट की जाएगी। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

# पति, ससुर व जेठ ने की मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 में एक महिला ने अपने पति ससुर, जेठ व ननद के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता पारिवारिक विवाद के चलते अपनी तीन नाबालिक बेटियों के साथ अलग रह रही है।

सेक्टर-11 में रहने वाली विदिशा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसका अपने पति से पारिवारिक विवाद चल रहा है। यह मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। वह अपनी तीन नाबालिक बेटियों के साथ सेक्टर-11 में रह रही है। 12 जनवरी की सुबह उसका पति राजेश कुमार, ससुर रमेश चंद्र, जेठ राजकुमार व ननद अनीता उसके कमरे में आए और गाली गलौज करने लगे। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

# वालीबॉल में गोपालगढ़ की टीम जीती



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र गौतम बुद्ध नगर स्निग्धा सिंह ने बताया कि विगत दिवस औम पब्लिक स्कूल गोपालगढ़ जेवर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वालीबॉल, कबड्डी, बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़, बैडमिंटन, बालक वर्ग में कुश्ती, साइकिल रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता में वॉलीबॉल वर्ग में गोपालगढ़ प्रथम, ओम पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कबड्डी में प्रथम स्थान मंगरौली, द्वितीय स्थान गोपालगढ़ एवं 400 मीटर दौड में प्रथम स्थान अमित, द्वितीय नरेश, तृतीय अभय ने प्राप्त किया। बैडमिंटन में प्रथम स्थान सुरभि टीम तथा द्वितीय स्थान उषा टीम ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में ट्रैफिक इंस्पेक्टर उत्तर प्रदेश पुलिस राजेंद्र दीक्षित उपस्थित रहे तथा पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण किया अन्य अतिथियों में प्रधानाचार्य ओम पब्लिक स्कूल नरेंद्र कुमार, प्रिंस त्यागी उत्तर प्रदेश पुलिस तथा प्रेमपाल सिंह पीटीआई, हरेंद्र कुमार विधिक सेवा प्राधिकरण से उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मंच संचालन फरमूद अख्तर एपीए नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया गया तथा दिनेश शर्मा द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

# सपाईयों ने मनाई नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर संगठन द्वारा सेक्टर-53 स्थित कार्यालय पर आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद कर उन्हें नमन किया।

सेक्टर-53 स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर देश की आजादी के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया। महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और देशवासियों के बीच देशभक्ति और बलिदान की भावना को जागृत किया।

आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस साहस और पराक्रम के प्रतीक थे।

महानगर महासचिव विकास यादव ने कहा



कि नेताजी का नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी युवाओं में लोकप्रिय है। उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहम्मद नौशाद, वीरपाल अवाना, जयवीर यादव, अच्छे मियां, राना मुखर्जी, सौरभ चौहान, राम सहेली, विश्वास, राकेश यादव, लोकपाल यादव, सिकंदर पासवान आदि उपस्थित रहे।

# बड़ी औद्योगिक इकाइयां करें तालाबों का जीर्णोद्धार : डीएम

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी




मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भूगर्भ जल अधिकारी अंकिता राय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 21 आवेदनों को स्वीकृत किया जायेगा, 14 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद में भूजल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देशित किया कि जनपद में अभी तक भूगर्भ जल प्रयोजन के लिए जारी हो चुके अनापत्ति प्रमाण पत्र के सापेक्ष औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल तथा सामूहिक उपभोक्ताओं द्वारा भू जल संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का परिसर में निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार के लिए की जा रही गतिविधियों के संबंध में सभी से रिपोर्ट प्राप्त की जाए और यदि अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने के बावजूद उनके द्वारा वाटर रिचार्ज को लेकर यदि कोई गतिविधि नहीं की जा रही तो संबंधित का अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त की जाने की कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूगर्भ जल संरक्षण को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को भी तालाबों के पुनर्भरण एवं जीर्णोद्धार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

